▪ फाल्गुन शुक्ल - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 236 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 22-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

6 रंगों का सफर भी कुछ कम रंग-बिरंगा नहीं !

7 'ग्राउंड जीरो' में बीएसएफ ऑफिसर का किरदार निभायेंगे इमरान हाशमी

## आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में

# अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार

## दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के बाद ईडी ने किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में बृहस्पतिवार रात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें यहां अपने कार्यालय ले गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है।

लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप ने कहा, ''केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत पड़ने पर, वह जेल से सरकार चलाएंगे।'' हालांकि, भाजपा ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की है।

अधिकारियों ने बताया कि दिन में तेजी से बदलते घटनाक्रम में ईडी के एक अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में एजेंसी की 10 सदस्यीय टीम यहां सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास पर पहुंची और तलाशी ली। मुख्यमंत्री आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने के दो घंटे से अधिक समय बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने गिरफ्तार करने से पहले केजरीवाल से कुछ देर तक पूछताछ की। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान कुछ जब्तियां भी की गयीं।

अधिकारियों के अनुसार **संघीय एजेंसी केजरीवाल को रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर एसयूवी गाड़ी से मध्य दिल्ली में अपने कार्यालय लेकर पहुंची।** उन्हें गाड़ी में पिछली सीट पर देखा गया । गाड़ी में उनके साथ तीन ईडी अधिकारी थे। उन्होंने बताया कि ईडी द्वारा बुलायी गयी चिकित्सकों की एक टीम ने केजरीवाल का चेकअप किया और अदालत में पेश करने से पहले उन्हें हिरासत में रखा। गिरफ्तार किये जाने लोगों के लिए मेडिकल चेकअप निर्धारित प्रक्रिया है।

यह ईडी द्वारा इस मामले में 16 वीं गिरफ्तारी है। अधिकारियों ने कहा कि ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी।

ईडी इस मामले में अबतक छह आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है और 128 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। केजरीवाल मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी द्वारा जारी किये गये नौ समन को टाल चुके थे। इनमें नया समन बृहस्पतिवार 21 मार्च को जारी किया गया। उन्होंने इन समन को 'अवैध' करार दिया है।

ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल के आवास के अंदर कार्रवाई किये जाने के दौरान दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त बलों के अलावा द्रुत कार्य बल (आरएएफ) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया था। आप के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की।





केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के दौरान दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त बलों के अलावा द्रुत कार्य बल (आरएएफ) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया था।



बड़ी संख्या में आप के अनेक नेता और कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के आवास के निकहत एकत्र हुए और ईडी की कार्यवाही के ख़िलाफ़ नारेबाज़ी की।

## मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है 'डरा हुआ तानाशाह' : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि एक डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स ' पोस्ट किया, रोज़ जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, अगर सच में जीत का भरोसा होता तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को 'फ्रीज' नहीं किया जाता। विपक्षी पार्टियों के नेताओं को ठीक चुनाव से पहले निशाना नहीं बनाया जाता। खरगे ने दावा किया, सच यह है कि भाजपा आने वाले चुनाव परिणाम से पहले ही डर गयी है और बौखलाहट में विपक्ष के लिए हर तरह की मुश्किलें पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, वक्त है बदलाव का ! अबकी बार सत्ता के बाहर !!

## केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार की शाम को उच्चतम न्यायालय का रुख कर आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण दिये जाने का अनुरोध किया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को इस मामले में दंडात्मक कार्रवाई से कोई संरक्षण देने से इनकार कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। इन अटकलों पर विराम लगाते हुए कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल आज रात उच्चतम न्यायालय में तत्काल सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं, उनके वकील एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## फर्स्ट टेक

### भाजपा नेता सीटी रवि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलूरु।** सोशल मीडिया पर धार्मिक आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया,प्रिय हिंदुओं, कांग्रेस के सह-मालिक राहुल गांधी ने हम हिंदुओं के खिलाफ युद्ध की घोषणा की है। अब समय आ गया है कि हम एकजुट होकर विरोध करें और उन लोगों से सनातन धर्म की रक्षा करें जो इसे खत्म करना चाहते हैं। आयोग ने कहा कि इस सोशल मीडिया पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए रवि के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। इसने कहा कि चिकमगलूर जिला निर्वाचन अधिकारी ने रवि के खिलाफ चिकमगलूर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### विशाखापत्तनम बंदरगाह पर मादक पदार्थों की खेप वाला कंटेनर जब्त

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इंटरपोल की सूचना पर कार्रवाई करते हुये आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम बंदरगाह से कथित तौर पर मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप के साथ एक 'शिपिंग कंटेनर' जब्त किया है । अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी । अधिकारियों ने बताया कि कंटेनर को विशाखापत्तनम स्थित एक निजी कंपनी के नाम पर आपूर्ति के लिए ब्राजील के 'सैंटोस पोर्ट' से बुक किया गया था। इसे भेजने वाले ने यह जानकारी दी थी कि शिपिंग कंटेनर में सूखे खमीर के 1,000 बैग हैं जिनमें से प्रत्येक का वजन 25 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि खमीर की इस खेप में मादक पदार्थ मिलाया गया था और आशंका है कि यह मादक पदार्थ कोकीन है । उन्होंने बताया कि मादक प्रदार्थ की मात्रा का पता लगाया जा रहा है।

### सीएए के तहत मदद के वास्ते हेल्पलाइन की शुरुआत

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत भारतीय राष्ट्रीयता पाने के इच्छुक लोगों की सहायता और उन्हें उचित जानकारी देने के लिए बृहस्पतिवार को एक हेल्पलाइन नंबर कर शुरुआत की। मंत्रालय के मुताबिक जिस किसी को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने में सहायता की आवश्यकता होगी, वह भारत में कहीं से भी सुबह आठ बजे से रात आठ बजे के बीच '1032' नंबर पर मुफ्त कॉल कर सकता है।

| सूर्यास्त 22-03-2024 | सूर्योदय 23-03-2024 |
|---|---|
| 6:10 बजे | 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,641.19 | 22,011.95 |
| (+539.50) | (+172.85) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,814 रु. | 80,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**ईडी तापड़तौड़ी**

ईडी ने छेड़ा नेह-राग,
हो गई शुरू माथाफोड़ी।
हो गई नीतियां पाक साफ,
कर रहे आज दौड़ादौड़ी।
कानून बन गया कठपुतली,
तथ्यों से अब मोड़ा-मोड़ी।
सम्मन के बाद गिरफ्तारी,
मच गई खूब तापड़तौड़ी।।

## बदायूं दोहरा हत्याकांड : साजिद का भाई जावेद गिरफ्तार



**बदायूं/बरेली (उप्र)/ भाषा।** बदायूं में दो बच्चों की निर्मम हत्या के मामले में मुठभेड़ में मारे गए मुख्य आरोपी साजिद के भाई एवं सह आरोपी जावेद ने बरेली में आत्मसमर्पण कर दिया जिसके बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जावेद की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई-वीडियो से बातचीत में पीड़ित बच्चों के पिता विनोद कुमार ने सरकार से अपने परिवार की सुरक्षा की अपील के साथ ही आरोपी को फांसी देने और उसका घर गिराने की भी मांग की। विनोद कुमार ने कहा ''इसे फांसी दें या मुठभेड़ में मार दें। इसने हमारा घर उजाड़ा है तो इसका भी वही हाल होना चाहिए।

कुमार ने कहा ''(जावेद की) गिरफ्तारी हुई है, अच्छी बात है। प्रशासन सुरक्षा में लगा है। उससे पूरी पूछताछ की जाए, घटना की पूरी कहानी सुनी जाए कि इसमें और कौन-कौन शामिल था। पूछताछ में ही पता चलेगा कि घटना में कौन कौन शामिल था और इसे क्यों अंजाम दिया गया।

## 'कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास कर रहे हैं प्रधानमंत्री'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) किए जाने के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है।

सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस को उसके बैंक खातों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए हताशा में बहाने बना रही है।

## सीबीआई ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली/भाषा।** भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने धन लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की। लोकपाल ने मोइत्रा के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लगाए गए आरोपों पर सीबीआई की प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष मिलने के बाद एजेंसी को निर्देश जारी किए हैं। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले में मोइत्रा के खिलाफ शिकायतों के सभी पहलुओं की जांच करने के बाद छह महीने में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## 'शक्ति से ही सुनिश्चित होती है शांति'



**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को वैश्विक शांति और सुरक्षा को विकास के लिए मूल आधार बताया और कहा कि शांति को शक्ति से ही सुनिश्चित किया जा सकता है।

अलगाव के दृष्टिकोण को अब अतीत की बात बताते हुए उन्होंने इस मुश्किल समय में राष्ट्रों के सार्थक चर्चा में शामिल होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना शांतिपूर्ण माहौल के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है। धनखड़ ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में 'संघर्ष' का असर परस्पर विरोधी देशों से परे वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे हालात का समाधान कूटनीति और बातचीत में निहित है।

उपराष्ट्रपति ने आज उप-राष्ट्रपति निवास में अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टीईपी) के उद्घाटन में प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि भारत की असाधारण विकास की कहानी संशयवादियों से परे है, यह दूरदर्शी नेतृत्व, समावेशी विकास और अटूट दृढ़ता का उदाहरण है।

## कांग्रेस ने 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**लोकसभा चुनाव**

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को 56 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी जिसमें अधीर रंजन चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

चौधरी को उनके वर्तमान संसदीय क्षेत्र बहरामपुर (पश्चिम बंगाल) से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधाकृष्ण को कर्नाटक के गुलबर्गा से टिकट दिया गया है। यहां से खरगे भी सांसद रह चुके हैं।

कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 138 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। कांग्रेस की ओर से जारी उम्मीदवारों की तीसरी सूची के अनुसार, अरणाचल प्रदेश की दो सीट, गुजरात की 11, कर्नाटक की 17, महाराष्ट्र की सात, राजस्थान की पांच, तेलंगाना की पांच, पश्चिम बंगाल की आठ और पुडुचेरी की एकमात्र सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

## 'भारतीयों को हैती से निकालने के लिए 'ऑपरेशन इंद्रावती' शुरू'

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने अपने नागरिकों को हैती से निकालकर डोमिनिकन गणराज्य पहुंचाने के लिए 'ऑपरेशन इंद्रावती' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह कदम भारत के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उसने कहा था कि वह कैरेबियाई राष्ट्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर हैती से अपने 90 नागरिकों को निकालने पर विचार कर रहा है।

## चुनावी बॉण्ड : फ्यूचर गेमिंग ने तृणमूल कांग्रेस को सबसे अधिक चंदा दिया

**नई दिल्ली/भाषा।** चुनावी बॉण्ड की शीर्ष खरीददार कंपनी फ्यूचर गेमिंग ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को कम से कम 540 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। इस तरह से टीएमसी फ्यूचर गेमिंग से सबसे अधिक चंदा प्राप्त करने वाली पार्टी बन गयी है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा निर्वाचन आयोग को बृहस्पतिवार को सौंपे गए विवरण से यह जानकारी मिली है।

'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के स्वामित्व वाली कंपनी ने द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, भाजपा और कांग्रेस को भी बॉण्ड के जरिये चंदा दिया है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को भी चुनावी बॉण्ड के सबसे बड़ी खरीदार कंपनी से चंदा मिला है। चुनावी बॉण्ड की इस योजना को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मार्च 2018 में शुरू किया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने रद्द कर दिया था।

इस योजना के अस्तित्व में आने के बाद से कई जानी-मानी कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। वहीं, राजनीतिक दलों के लिए सबसे बड़ा दानकर्ता फ्यूचर गेमिंग था, जिसने 1,368 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे।

फ्यूचर गेमिंग ने तृणमूल कांग्रेस के अलावा तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को 509 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश की युवजन श्रमिक रायतु (वाईएसआर) कांग्रेस पार्टी को करीब 160 करोड़ रुपये, भाजपा को 100 करोड़ रुपये और कांग्रेस को चुनावी बॉण्ड के जरिए 50 करोड़ रुपये का चंदा दिया। सिक्किम, उन कुछ राज्यों में से एक, जहां लॉटरी वैध है। सिक्किम के दोनों राजनीतिक दलों को फ्यूचर गेमिंग से 10 करोड़ रुपये से कुछ कम का चंदा मिला हैं।

चुनावी बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीददार हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग कंपनी को माना जाता है, जिसने भाजपा, भारत राष्ट्र समिति और द्रमुक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों को 966 करोड़ रुपये का चंदा दिया है।

चुनावी बॉण्ड का उपयोग करने वाले राजनीतिक दलों के तीसरे सबसे बड़े दानदाता क्विक सप्लाई ने 2021-22 और 2023-24 के बीच 410 करोड़ रुपये के बॉण्ड खरीदे और इसके जरिए भाजपा को 395 करोड़ रुपये तथा शिवसेना को 25 करोड़ रुपये का चंदा दिया। क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड एक बेहद कम लोकप्रिय कंपनी है, जिसका पंजीकृत पता नवी मुंबई के धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) में है और इसका संबंध रिलायंस इंडस्ट्रीज से है। इसने भाजपा और शिवसेना के अलावा किसी अन्य राजनीतिक दल को कोई चंदा नहीं दिया।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भाजपा वेदांता, भारती एयरटेल, मुथूट, बजाज ऑटो, जिंदल समूह और टीवीएस मोटर जैसे बड़े कॉर्पोरेट समूहों से सबसे अधिक चंदा प्राप्त करने वाली पार्टी है। वेदांता ग्रुप ने भाजपा, कांग्रेस, बीजू जनता दल (बीजद) और तृणमूल कांग्रेस को चंदा दिया जबकि भारती एयरटेल ने भाजपा, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद), कांग्रेस और जनता दल यूनाइटेडट (जदयू) को चंदा दिया। मुथुट ने भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (महाराष्ट्र प्रदेश) को, बजाज ग्रुप ने भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) को, अपोलो टायर्स ने कांग्रेस को तथा केवेंटर्स ने भाजपा और कांग्रेस को चंदा दिया। उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल ने भाजपा तथा बायोकॉन प्रमुख किरण मजूमदार शॉ ने भाजपा, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस को चंदा दिया।

# कांग्रेस ने भाजपा के 'झूठे विज्ञापनों' के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाले विज्ञापनों और 'मोदी का परिवार' संबंधी प्रचार सामग्री के खिलाफ बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग का रुख किया और उचित कार्रवाई की मांग की। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष छह सूत्री विषय रखे और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है।

कांग्रेस के इस प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक और सलमान खुर्शीद तथा सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत शामिल थीं।

निर्वाचन आयोग के समक्ष सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा, भाजपा के झूठे विज्ञापनों में 2जी आवंटन मुद्दे को उछाला गया है.... भाजपा एक दशक पुराने विमर्श को पूरी तरह से आगे बढ़ा रही है, जबकि व्यापक न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से उसका यह विमर्श ध्वस्त हो चुका है। उसने आयोग से आग्रह किया कि इस तरह के विज्ञापन को हटाया जाए तथा इसे बनाने एवं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो।

मुख्य विपक्षी दल ने 'मोदी का परिवार' संबंधी विज्ञापनों के खिलाफ भी शिकायत की है। उसने दावा किया, इसमें आधिकारिक संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है... विज्ञापनों में सशस्त्र बलों का उपयोग आयोग के कई निर्देशों का उल्लंघन है।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का पत्र 'व्हाट्सएप' के जरिये भेजे जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि इस तरह के प्रचार के लिए पीएमओ के लैटरहेड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। उसने आयोग से आग्रह किया कि दिल्ली मेट्रो में लगे 'मोदी की गारंटी' वाले विज्ञापन को भी हटाया जाए।

कांग्रेस ने कहा कि सरकारी निकायों, कार्यालयों, पेट्रोलपंप से लोकसभा चुनावों की अवधि के लिए, वहां लगी प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरें हटाई जाएं क्योंकि इनसे आचार संहिता का उल्लंघन होता है।

उसने यह भी कहा, एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता को निशाना बनाते हुए भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# डिजिटलीकरण से उपजे जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत : स्वामीनाथन जे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। ये विकास वास्तव में स्वागतयोग्य हैं। हालांकि, उनसे पहुंच और अत्यधिक-वैयक्तिकरण जैसे व्यापक लाभ मिलते हैं, लेकिन वे दुरुपयोग और धोखाधड़ी के जोखिम को भी बढ़ाते हैं। वे उपभोक्ताओं को साइबर हमलों, डेटा उल्लंघन और अक्सर कुछ वित्तीय नुकसान के जोखिम में डाल सकते हैं। आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि उपभोक्ताओं को ऐसी कंपनियों की ओर से पारदर्शिता में कमी दिखाने के कारण विवादों को सुलझाने या मुआवजा प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इन नए जोखिमों को मजबूत नियामकीय ढांचे, उन्नत साइबर सुरक्षा उपायों और बढ़ी हुई उपभोक्ता जागरूकता पहल के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। डिप्टी गवर्नर ने विनियमन, पर्यवेक्षण और बढ़ी हुई उपभोक्ता जागरूकता के माध्यम से भारत में अपनाए गए कुछ दृष्टिकोण भी साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उभरते जोखिमों और चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क और सक्रिय रहना जरूरी है।



# सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों को नए सिरे से वर्गीकरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित जिलों को नए सिरे से वर्गीकृत किया है, क्योंकि पिछले नौ वर्ष में इनकी संख्या लगभग आधी रह गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस महानिदेशकों के साथ साझा की गई सूची के बारे में बताया कि 10 राज्यों में कुल 38 जिलों को एक अप्रैल, 2024 से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों के रूप में वर्गीकृत किया है, जबकि 2015 में यह संख्या 75 थी।

आंध्रप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों का वर्गीकरण 2015 में अनुमोदित राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना के तहत संसाधनों की तैनाती के लिए आधार प्रदान करता है। इस नीति का उद्देश्य वामपंथी उग्रवाद का समग्र रूप से मुकाबला करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। सुरक्षा और विकास दोनों से संबंधित कई कार्य किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप वामपंथी उग्रवाद में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने बताया कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के मामले में छत्तीसगढ़ अभी तक शीर्ष पर है और राज्य के 15 जिलों को इस सूची में शामिल किया गया है।

ओडिशा के सात जिलों, झारखंड के पांच, मध्य प्रदेश के तीन, केरल, महाराष्ट्र, तेलंगाना के दो-दो और पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के एक-एक जिले को वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित इलाकों की सूची में शामिल किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि 'सबसे अधिक प्रभावित' जिलों की श्रेणी में 12 जिलों को वर्गीकृत किया गया है जिनमें से छत्तीसगढ़ के सात, ओडिशा के दो, झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के एक-एक जिले को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड के चार, ओडिशा के दो, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के एक-एक जिले को ''चिंता के विषय वाले जिलों'' के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि संसाधनों की केंद्रित तैनाती सुनिश्चित करने के लिए 2015 में 35 जिलों को 'सबसे अधिक प्रभावित जिलों' की श्रेणी में रखा गया था। उन्होंने बताया कि 2018 में की समीक्षा के बाद ऐसे जिलों की संख्या घटाकर 30 कर दी गई और उसके बाद 2021 में 25 रह गई।

'चिंता के विषय वाले जिलों' की श्रेणी में उन जिलों को शामिल किया गया जहां पर पर संसाधन के अंतर का समाधान किया जा सके। ये वे जिले हैं जहां पर वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव कम हो रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आठ जिलों को 2021-22 से 2022-23 तक दो वर्षों के लिए सूची में रखा गया था और इन सभी जिलों को सूची से बाहर कर दिया गया है और नौ नए जिलों को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा बिहार के आठ जिलों, झारखंड के छह, ओडिशा के तीन और आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के एक-एक जिले को ''विरासत एवं जोर दिए जो वाले'' जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि इन जिलों में वामपंथी उग्रवाद का समर्थन करने की विरासत है और इसलिए, स्थिति को मजबूत करने और कुछ और समय के लिए सुरक्षा व विकास उपायों के संबंध में समर्थन जारी रखने के लिए राज्यों को समर्थन की आवश्यकता है।

# भूपेश बघेल अगर निर्दोष हैं तो उन्हें जांच से डरना नहीं चाहिए : साय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अगर निर्दोष हैं तो उन्हें कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप घोटाले में जांच से डरना नहीं चाहिए। पीटीआईभाषा के साथ एक साक्षात्कार में साय ने विश्वास जताया कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीटें जीतेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अति आत्मविश्वास में नहीं है और अपने प्रतिद्वंद्वी को कमजोर नहीं मानती।

एक सवाल के जवाब में राज्य में माओवादियों को कड़ा संदेश देते हुए साय ने कहा कि यदि नक्सली राज्य में गोलियों की भाषा बोलते रहे तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। साय सरकार ने बृहस्पतिवार को अपने 100 दिन पूरे कर लिए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आरोप कि उन्हें महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप घोटाले में जानबूझकर फंसाया जा रहा है। इस पर साय ने कहा, यदि वह निर्दोष हैं तो उन्हें किसी भी तरह की जांच से डरना नहीं चाहिए। अगर वह दोषी नहीं हैं तो उन्हें बड़प्पन दिखाना चाहिए और कहना चाहिए कि उनके खिलाफ देश में उच्च से उच्च स्तर की जांच हो। इस महीने की शुरुआत में राज्य की आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रस्तुत एक जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में बघेल और 18 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। ईडी इस कथित घोटाले में धन शोधन की जांच कर रहा है।

कांग्रेस के इस आरोप पर कि बघेल के खिलाफ षड़यंत्र किया जा रहा है, मुख्यमंत्री ने कहा, एक आरोपी कभी भी अपना अपराध स्वीकार नहीं करता। राजनीतिक सवालों के अलावा 60 वर्षीय साय ने पिछले तीन महीनों में अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों और शुरू की गई योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

## बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। दिशानिर्देशों में है कि इसका उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं।

# जम्मू कश्मीर के लोगों के पास सिर्फ मतदान का ही अधिकार बचा है : महबूबा मुफ्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के पास मतदान ही एकमात्र शक्ति बची है क्योंकि भाजपा शासित केंद्र उनकी आवाज को दबाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

मुफ्ती ने यहां से करीब 55 किलोमीटर दूर अनंतनाग जिले में संवाददाताओं से कहा, हर तरह के अन्याय हो रहे हैं और जम्मू-कश्मीर को जेल में तब्दील कर दिया गया है। यहां के लोगों की आवाज को दबाने के लिए अमित शाह ने पीडीपी को तोड़ दिया। उन्होंने पीडीपी से विधायकों, मंत्रियों और सांसदों को छीन लिया ताकि वे पार्टी की आवाज दबा सकें। उन्होंने कहा, अब कश्मीर के लोगों के पास सिर्फ उनका मताधिकार ही बचा है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के अवैध निरस्तीकरण के बाद जम्मू-कश्मीर में कई दलों का गठन किया गया ताकि केंद्र अपने पसंदीदा नेताओं को संसद में भेज सके।

पीडीपी प्रमुख ने कहा, अगर आप उसमें भी धांधली करना चाहते हैं तो यह अलग बात है। आप उन चहेते नेताओं को संसद में ले जाना चाहते हैं जिनकी पार्टियां 2019 के बाद बनी हैं। इसमें कोई क्या कर सकता है? उन्होंने कहा, यह देश के लोगों के सोचने की बात है कि यहां के लोगों को वोट की ताकत पर भरोसा करने में बहुत समय लगा था।

## ठाणे: आठ 'पुलिसवालों' ने कूरियर कंपनी की कार से 5.4 करोड़ रुपए की चोरी की

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए एक कूरियर कंपनी का वाहन रोककर उसमें से 5.4 करोड़ रुपए नकद चुराने के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले आरोपियों ने 14 और 15 मार्च की मध्यरात्रि में इस अपराध को अंजाम दिया था। उस दौरान वाहन जलगांव से मुंबई की ओर जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपी इनोवा कार में सवार थे। उन्होंने ठाणे जिले के अटगांव के पास कूरियर कंपनी की कार रोकी। खुद को पुलिसकर्मी बताकर कुछ लोग जबरन कार में सवार होकर उसे सड़क से कुछ दूर ले गए। उन्होंने बताया कि वाहन की तलाशी के बहाने नकली पुलिसकर्मियों ने कार से 5.4 करोड़ रुपए की नकदी से भरी दो बोरियां निकालीं और फरार हो गए।

# प्रधानमंत्री मोदी की औरंगजेब से तुलना देशद्रोह, शिवसेना (यूबीटी) ने देश का अपमान किया : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार को विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उसके वरिष्ठ नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करना देशद्रोह और राष्ट्र का अपमान है। सत्तारूढ़ शिवसेना के एक सम्मेलन के बाद यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि सत्तारूढ़ 'महायुति' (महागठबंधन) ने महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से 45 पर जीतने का लक्ष्य रखा है।

सत्तारूढ़ गठबंधन में एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में सत्तारूढ़ पार्टी के निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षकों, पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों ने भाग लिया और आगामी चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

शिंदे ने कहा, टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। औरंगजेब ने महाराष्ट्र के स्वाभिमान को ठेस पहुंचायी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना (मुगल बादशाह से) करना देश का अपमान है। यह देशद्रोह है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की तुलना मध्यकालीन मुगल सम्राट औरंगजेब से से की। राउत की टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था, औरंगजेब का जन्म वर्तमान गुजरात में हुआ था, जो मोदी का गृह राज्य है।

## भारत की प्रजनन दर दो से कम हुई, 2050 में 1.3 हो जाएगी: 'लांसेट' का अध्ययन

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत की प्रजनन दर 1950 में लगभग 6.2 थी जो 2021 में घटकर दो से कम हो गई है। वर्ष 2050 और 2100 में इसके घटकर क्रमशः 1.29 और 1.04 होने का अनुमान है। शोध पत्रिका 'लांसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में यह कहा गया है।

ये संख्याएं वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप हैं, जहां कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 1950 में प्रति महिला 4.8 बच्चों से अधिक थी और 2021 में घटकर 2.2 बच्चे प्रति महिला हो गई। इन आंकड़ों के क्रमशः 2050 और 2100 में घटकर 1.8 और 1.6 होने का अनुमान जताया गया है। अध्ययन में कहा गया है कि 2021 में दुनिया भर में 12.9 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। अध्ययन के मुताबिक 1950 में 9.3 करोड़ और 2016 में सबसे ज्यादा 14.2 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ।

भारत में, 1950 और 2021 में 1.6 करोड़ से अधिक और 2.2 करोड़ से ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ। 2050 में यह संख्या घटकर 1.3 करोड़ होने का अनुमान है। 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2021 फर्टिलिटी एंड फोरकास्टिंग कोलेबैरेटर्स' के शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनिया का अधिकांश हिस्सा कम प्रजनन दर संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं 21वीं सदी के दौरान कम आय वाले कई देशों को उच्च प्रजनन क्षमता के मुद्दों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कम आय वाले इन क्षेत्रों में, विशेष रूप से पश्चिमी और पूर्वी उप-सहारा अफ्रीका के कुछ देशों में उच्च प्रजनन क्षमता के परिणामस्वरूप चुनौतियां पैदा होंगी। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि अधिकांश बच्चे दुनिया के कुछ सबसे गरीब क्षेत्रों में पैदा होंगे।

# हमारी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा : किसान नेता पंधेर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंजाब और हरियाणा के दो सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले किसान अपनी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मुक्ति मोर्चा फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अपनी विभिन्न मांगें मनवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी को सुरक्षा बलों द्वारा आगे बढ़ने से रोके जाने के बाद से शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।

पंधेर ने कहा, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती, यह (हमारा प्रदर्शन) शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। किसान नेता ने कहा कि इस प्रदर्शन का आदर्श आचार संहिता से कोई लेना-देना नहीं है जो आम चुनाव की घोषणा के साथ लागू हुई है। उन्होंने कहा कि हम किसानों और कृषि मजदूरों से संबंधित अपने एजेंडे को लोगों के सामने रख रहे हैं। इस बीच, शंभू और खनौरी सीमा पर अवरोधक लगाए जाने के साथ-साथ हरियाणा के सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। पंधेर ने उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने की अनुमति नहीं देने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की आलोचना की। उन्होंने सवाल किया, हमें अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली जाने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, किसान अपने घरों से पंखे और अन्य वस्तुएं सीमा पर ला रहे हैं। पंधेर ने बताया कि अमृतसर, जंडियाला और ब्यास से किसानों और कृषि मजदूरों के कई समूह सीमाओं के लिए रवाना हुए हैं। किसानों ने 13 फरवरी को अपना मार्च शुरू किया था लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया, जिसके चलते हरियाणा-पंजाब सीमा पर शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर झड़पें हुई थीं।

## केंद्र ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को विदेशी जुआ प्लेटफॉर्म के प्रचार को लेकर आगाह किया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और उनका अनुसरण करने वालों को आगाह किया कि वे विदेशी ऑनलाइन सट्टेबाजी एवं जुआ प्लेटफॉर्म का प्रचार या विज्ञापन करने से परहेज करें। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक परामर्श में कहा है कि इन विज्ञापनों का उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए का महत्वपूर्ण वित्तीय एवं सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने ऑनलाइन विज्ञापन मध्यवर्ती कंपनियों को सलाह दी है कि वे ऐसी प्रचार सामग्री से भारतीय दर्शकों को निशाना नहीं बनाए। बयान में कहा गया है कि सोशल मीडिया मध्यवर्ती कंपनियों को उपयोगकर्ताओं के बीच ऐसी सामग्री के खिलाफ जागरुकता पहल चलाने की भी सलाह दी गई है। बयान के मुताबिक परामर्श में चेताया गया है कि इसका अनुपालन नहीं करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा सकती है। इसके तहत सोशल मीडिया पोस्ट या अकाउंट को हटाना या निष्क्रिय करना तथा कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई शामिल है।

# चीनी नागरिकों के वीजा मामले में कार्ति चिदंबरम ने 50 लाख रुपए की रिश्वत ली : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुन: वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपए की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गई, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है। चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे। दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि ''कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपए की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया, कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे। बयान में दावा किया गया कि मामले में कंपनी ने फर्जी सेवाओं की आड़ में एंट्री ऑपरेटर को चेक के माध्यम से 50 लाख रुपए का भुगतान किया। एजेंसी ने आरोप लगाया, एंट्री ऑपरेटर ने बदले में कार्ति चिदंबरम के करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को 50 लाख रुपए नकद दिए और बाद में उन्होंने 50 लाख रुपए की इस नकदी को कार्ति चिदंबरम द्वारा नियंत्रित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्रा. लिमिटेड में निवेश कर दिया।

# तमिलनाडु में सभी 32 लोकसभा सीटों के लिए अन्नाद्रमुक ने की उम्मीदवारों की घोषणा





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की अपनी अंतिम सूची जारी की। उम्मीदवारों में एक महिला वकील भी शामिल है, जिसने पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता के खिलाफ द्रमुक में रहते हुए चुनाव लड़ा था, लेकिन जीतने में असफल रही थीं। अन्नाद्रमुक की नवीनतम सूची में तीन उम्मीदवार चिकित्सक हैं। अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए कुल पांच चिकित्सकों को उम्मीदवार बनाया है। प्रत्याशियों के नाम तय करने और सहयोगियों को सीटें आवंटित करने की कवायद अन्नाद्रमुक ने पूरी कर ली है और पार्टी प्रमुख ए के पलानीस्वामी 24 मार्च को तिरुचिरापल्ली से अपना चुनाव अभियान शुरू करेंगे।

अन्नाद्रमुक कुल 32 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उसने सहयोगी देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कषगम (डीएमडीके), पुतिया तमिझगम और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) को सात निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किए हैं। तमिलनाडु में 39 लोकसभा क्षेत्र हैं। तिरुनेलवेली लोकसभा सीट के लिए पलानीस्वामी ने शिमला मुथुचोजन को उम्मीदवार बनाया है। शिमला मुथुचोजन पहले द्रमुक में थीं।

उन्होंने 2016 में आरके नगर विधानसभा क्षेत्र से दिवंगत जे जयललिता के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव हार गयी थीं। पेशे से वकील मुथुचोजन लोकसभा चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक द्वारा घोषित एकमात्र महिला उम्मीदवार हैं। अन्नाद्रमुक ने मुथुचोज़न सहित पांच वकीलों को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है।

सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) 21 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जिनमें से उसने तीन सीटों पर महिलाओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। इनमें कनिमोई (थूथुकुडी), तमिझाची थंगापांडियन (दक्षिण चेन्नई) और रानी श्री कुमार (तेनकासी–आरक्षित) शामिल हैं।

अन्नाद्रमुक प्रमुख ए के पलानीस्वामी ने जी प्रेमकुमार को श्रीपेरुम्बुदूर लोकसभा सीट से और एस पशुपति को वेल्लोर सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के दोनों उम्मीदवार चिकित्सक हैं। सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने क्रमशः श्रीपेरुम्बुदूर और वेल्लोर निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अनुभवी नेता टी आर बालू और कथिर आनंद को नामित किया है। कथिर आनंद शीर्ष नेता और जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन के बेटे हैं।

अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ने क्रमशः पुडुचेरी लोकसभा सीट और विलावनकोड विधानसभा सीट के लिए जी तमिज़वेंदन और यू रानी को नामित किया। विलावनकोड सीट पर उपचुनाव 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ होगा। यह सीट विजयधरानी के इस्तीफे के कारण खाली हुई थी। विजयधरानी विधायक पद छोड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं थी।

श्रीपेरुमबुदूर और वेल्लोर के अलावा पलानीस्वामी ने धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई, कल्लाकुरिची, तिरुपुर, नीलगिरी (एससी), कोयंबटूर, पोलाची, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर, मयिलादुथुराई, शिवगंगा, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और कन्नियाकुमारी लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पलानीस्वामी ने 20 मार्च को जारी पहली सूची में 16 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को चुनाव होंगे।

# तमिलनाडु की 19 लोकसभा सीटों पर द्रमुक व अन्नाद्रमुक के बीच सीधी टक्कर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विपक्षी ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) का एक दूसरे के साथ 19 लोकसभा सीट पर सीधा मुकाबला है। इन सीट में चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, कांचीपुरम (अनुसूचित जाति), अरक्कोणम, आरणी, सलेम, इरोड, थेनी, नीलगिरी, कोयंबटूर, पोल्लाची, तूत्तुक्कुडि, श्रीपेरुम्बुदुर, वेल्लोर, धर्मपुरी, तिरुवन्नमलई, कल्लाकुरिची और पेरम्बलुर शामिल हैं।

द्रमुक की सहयोगी कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) सत्तारूढ़ दल के उगते 'सूरज' चिन्ह पर नमक्कल सीट से चुनाव लड़ेगी। इस तरह उन सीट की संख्या 19 हो जाती है जहां द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच सीधी लड़ाई है। नमक्कल सीट से केएमडीके ने एस. सूर्यमूर्ति को मैदान में उतारा है, जबकि अन्नाद्रमुक ने इस सीट से तमिझमानी को टिकट दिया है। ये दोनों अपने अपने दलों के पदाधिकारी हैं। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को चुनाव होगा।

# सद्गुरु के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है : ईशा फाउंडेशन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर/नई दिल्ली।** आध्यात्मिक जगत की जानी मानी हस्ती सद्गुरु जग्गी वासुदेव की सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। ईशा फाउंडेशन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की, मस्तिष्क में 'जीवन–घातक' रक्तस्राव होने के कारण रविवार, 17 मार्च को एक निजी अस्पताल में सर्जरी की गई थी। इससे पहले, बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में सद्गुरु की बेटी राधे जग्गी ने जानकारी दी कि वह ठीक हो रहे हैं।

एक आधिकारिक बयान में ईशा फाउंडेशन ने कहा, सद्गुरु अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। 66 वर्षीय सद्गुरु ईशा फाउंडेशन के संस्थापक हैं और उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'मिट्टी बचाओ' और 'रैली फॉर रिवर्स' जैसे अभियान शुरू किए हैं। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने बुधवार को एक बयान में कहा, मस्तिष्क में रक्तस्राव को दूर करने के लिए 17 मार्च को उनकी सर्जरी की गई थी। सर्जरी के बाद सद्गुरु को वेंटिलेटर से हटा दिया गया है। उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

सद्गुरु ने अस्पताल के बिस्तर से एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। वीडियो में उन्होंने हल्के–फुल्के अंदाज में कहा, 'अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने मेरी खोपड़ी काट कर कुछ खोजने का प्रयास किया, लेकिन कुछ भी नहीं मिला – पूरी तरह से खाली। इसलिए उन्होंने हार मान ली और इसे फिर से जोड़ दिया। यहां मैं दोबारा जोड़ी गई खोपड़ी के साथ दिल्ली में हूं, लेकिन मस्तिष्क क्षतिग्रस्त नहीं है।'



# डकल कैथेटर को निकालने में अस्पताल को मिली सफलता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रेला हॉस्पिटल की इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों की एक टीम ने 39 वर्षीय कैंसर रोगी के हृदय के अंदर फंसी हुई कीमोपोर्ट कैथेटर ट्यूब सफलता पूर्वक निकाल लिया।

इस न्यूनतम इन्वेंशिव प्रक्रिया में डॉक्टरों को 2 घंटे से अधिक का समय लगा। 12 सेमी की लंबाई वाली ट्यूब कीमो पोर्ट नामक एक चिकित्सा उपकरण का हिस्सा थी। इसका प्रयोग कीमोथेरेपी दवाओ को मरीज के सीधे रक्त प्रवाह में पहुंचाने के लिए किया जाता है। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी तथा इमेजिंग सर्विसेज की वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर टी दीपश्री की अध्यक्षता में डॉक्टरों की एक टीम ने कैथेटर आधारित न्यूनतम इन्वेंशिव प्रक्रिया का पालन किया और सर्जरी की आवश्यकताओं को टाल दिया। डॉ दीपश्री ने बताया कि मरीज को सांस लेने में दिक्कत के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यह एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है जो एक लाख लोगों में से किसी एक को होता है। मरीज की जांच में पाया गया की कीमो पोर्ट में दवा इंजेक्ट करते समय उसमें उभार आ गया था। पीईटी तथा सीटी स्कैन से पता चला की ट्यूब उखड़ गई थी जिससे एक छोर के हृदय के दाहिनी दीवार तथा दूसरे छोर पर फुफुसिय धमनी के बीच फंस गई। हमें उखड़ी हुई ट्यूब को बाहर निकालने के लिए कई कैथेटर तथा तारों का उपयोग करना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया अक्सर सर्जरी की तुलना में कम कष्ट कारक होती है तथा मरीजों को जल्दी ठीक होने जटिलताओं के जोखिम को कम करने तथा अस्पताल में कम समय तक रहने की पेशकश करती है।

# न्यायालय ने पोनमुडी को मंत्री बनाने से इनकार को लेकर राज्यपाल के आचरण पर चिंता जताई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में फिर से शामिल करने से इनकार करने को लेकर बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि के आचरण पर गंभीर ''चिंता'' व्यक्त की।

शीर्ष अदालत ने राज्यपाल को 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश देते हुए कहा कि वह न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की सिफारिश के बावजूद, राज्यपाल ने पोनमुडी को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर मंजूरी देने से इनकार कर दिया। पोनमुडी की आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषसिद्धि और तीन साल की सजा पर शीर्ष अदालत ने हाल में रोक लगा दी थी।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हैरानी जताते हुए कहा कि राज्यपाल कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, अटॉर्नी जनरल, हम राज्यपाल के आचरण को लेकर काफी चिंतित हैं। हम इस अदालत में सख्त लहजे में नहीं कहना चाहते, लेकिन वह उच्चतम न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी है। अब राज्यपाल को न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर रोक के बारे में सूचित करना होगा।

पीठ ने अटॉर्नी जनरल से कहा, ''अगर हम कल राज्यपाल का पक्ष नहीं सुनते हैं, तो हम उन्हें संविधान के अनुसार कार्य करने का निर्देश देते हुए एक आदेश पारित करेंगे।''

राज्यपाल ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता और पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगा। राज्य सरकार ने राज्यपाल को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के अनुसार कार्य करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

# भाजपा की तीसरी सूची में सौंदर्यराजन, अन्नामलाई और मुरुगन सहित तमिलनाडु के नौ उम्मीदवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी।

इसमें पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौन्दर्यराजन, प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित तमिलनाडु के नौ उम्मीदवारों के नाम हैं।

सूची के मुताबिक सौन्दर्यराजन चेन्नई दक्षिण से चुनाव लड़ेंगी जबकि मुरुगन नीलगिरी से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। अन्नामलाई को कोयम्बटूर लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। पार्टी ने मध्य चेन्नई सीट से वी. पी. सेलवम, वेलोर से ए. सी. षणमुगम, कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, पेराम्बलूर से टी. आर. पारिवेंदर और तूतीकोरिन (तूतुकुड़ी) से नैनार नागेन्द्रन को उम्मीदवार बनाया गया है।

राज्यपाल के पद से त्यागपत्र देने के एक दिन बाद सौंदर्यराजन बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई थीं।

उन्होंने 2019 में भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देकर तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में कामकाज संभाला था। उन्हें 2021 में पुडुचेरी की उप राज्यपाल नियुक्त किया गया था। बासठ वर्षीय सौंदर्यराजन स्त्रीरोग विशेषज्ञ हैं और दो दशक से भी पहले भाजपा में शामिल हुई थीं।

# मेकेदाटु परियोजना लागू की जाएगी : कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

**बेंगलूरु।** लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में मेकेदाटु बांध का निर्माण रोकने संबंधी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वादे के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने कावेरी नदी पर मेकेदाटु परियोजना को लागू करने के लिए सिंचाई मंत्री के रूप में जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और अदालतों में कर्नाटक को न्याय मिलने का भरोसा जताया।



तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) एक प्रमुख घटक दल है। द्रमुक ने बुधवार को जारी अपने घोषणापत्र में मेकेदाटु बांध के निर्माण को रोकने का वादा किया। शिवकुमार ने कहा, उन्हें (द्रमुक को) अपने राज्य (तमिलनाडु) में कुछ भी करने दीजिए। मैंने मेकेदाटु (बांध) के निर्माण की जिम्मेदारी सिंचाई मंत्री के रूप में ली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि मामला कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के समक्ष आ रहा है।



# पोदनूर (कोयम्बटूर) और मऊ (यूपी) के बीच विशेष ट्रेनें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कोयम्बटूर के पास पोदनूर और उत्तरप्रदेश के मऊ के बीच विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। होली त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए यह ट्रेन नंबर 06091/06092 पोदनूर–मऊ–पोदनूर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा।

ट्रेन नंबर 06091 पोदनूर–मऊ सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार 22 मार्च और 29 मार्च को पोदनूर से 16.30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन (2 सेवाएं) 22.30 बजे मऊ पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 06092 मऊ–पोदनूर सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार 26 मार्च और 02 अप्रैल को मऊ से 18.30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन (2 सेवाएं) 23.00 बजे पोदनूर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 20 स्लीपर क्लास कोच, 2 द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) कोच होंगे।

यह ट्रेन पोदनूर से प्रारंभ होकर तिरुपुर, इरोड, सेलम, जोलारपेट्टई, काटपाड़ी, रेणिगुंटा, गुडूरु, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा, खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, बेल्थरा रोड होते हुए मऊ स्टेशन पर रुकेगी। उपरोक्त सुपरफास्ट स्पेशल के लिए अग्रिम आरक्षण दक्षिणी रेलवे छोर से शीघ्र ही शुरु हो जाएगा।

# मंगलूरु सेंट्रल से निज़ामुद्दीन तक एक तरफ़ा विशेष ट्रेन

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार होली त्यौहार के मद्देनजर लोगों की भीड़ को कम करने के लिए एक तरफा विशेष ट्रेन मंगलूरु सेंट्रल से हज़रत निज़ामुद्दीन तक संचालित की जाएगी।

ट्रेन नंबर 06090 मंगलूरु सेंट्रल–हज़रत निज़ामुद्दीन एक तरफा स्पेशल 22 मार्च शुक्रवार को 14.50 बजे मंगलूरु सेंट्रल से रवाना होगी और तीसरे दिन (1 सेवा) 19.15 बजे हज़रत निज़ामुद्दीन पहुंचेगी। इस ट्रेन में 20 स्लीपर क्लास कोच, 2 द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) कोच होंगे। यह ट्रेन मंगलूरु सेन्ट्रल से रवाना होकर कन्नूर, कोझिकोड, शोरानूर,पलक्कड़, कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड, सेलम, जोलारपेट्टई, काटपाड़ी, चित्तूर, तिरुपति, रेणिगुंटा, गुडूरु, नेल्लोर, ओंगोल, विजयवाड़ा, खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह, नागपुर, बैतूल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा होते हुए हज़रत निज़ामुद्दीन जाएगी। उपरोक्त वन वे स्पेशल ट्रेन के लिए अग्रिम आरक्षण खुला है।

# कार्ति चिदंबरम ने चीनी नागरिकों के वीजा मामले में 50 लाख रुपये की रिश्वत ली : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुन: वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी। ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था।

कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है। चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे।

दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं।

ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया, कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे। बयान में दावा किया गया कि मामले में कंपनी ने फर्जी सेवाओं की आड़ में एंट्री ऑपरेटर को चेक के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया। एजेंसी ने आरोप लगाया, एंट्री ऑपरेटर ने बदले में कार्ति चिदंबरम के करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को 50 लाख रुपये नकद दिए और बाद में उन्होंने 50 लाख रुपये की इस नकदी को कार्ति चिदंबरम द्वारा नियंत्रित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में निवेश कर दिया। ईडी ने दावा किया कि निवेश किए गए 50 लाख रुपये का मूल्य समय के साथ बढ़कर 1.59 करोड़ रुपये हो गया। ईडी ने कहा कि यह रकम पीएमएलए के प्रावधानों के अनुसार अपराध से ''अर्जित आय'' है। सांसद ने पूर्व में कहा था कि इस मामले में ईडी की जांच अपुष्ट तथ्यों पर आधारित है और उन्होंने एजेंसी को सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं। कार्ति ने इस मामले को ''आधारहीन'' बताते हुए कहा था कि उन्होंने 250 क्या, एक भी चीनी नागरिक को वीजा प्रक्रिया में मदद नहीं की। कार्ति ने कहा था कि यह मामला उनके जरिए उनके पिता पी चिदंबरम को निशाना बनाने की कोशिश है।

# ईडी ने अन्नाद्रमुक नेता विजय भास्कर के परिसरों पर छापे मारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को अलग–अलग धन शोधन मामलों की जांच के सिलसिले में अन्नाद्रमुक नेता और तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सी विजय भास्कर और चेन्नई के एक रियल इस्टेट समूह के परिसरों पर छापे मारे। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि दो मामलों के तहत केंद्रीय एजेंसी द्वारा लगभग 25 परिसरों में कार्रवाई की जा रही है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विजय भास्कर तमिलनाडु के पुदुकोट्टई से अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता हैं।

सूत्रों ने बताया कि उनके खिलाफ छापेमारी आय से अधिक संपत्ति रखने के एक कथित मामले से जुड़ी 2022 की राज्य सतर्कता (डीवीएसी) जांच के तहत की गई है। उन पर पहले गुटखा घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मामला दर्ज किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जांच के सिलसिले में चेन्नई के रियल इस्टेट समूह 'जीस्क्वायर' और उससे जुड़ी इकाइयों के परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है।

# सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण आग लगी, पांच की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई।

मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था।

थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए। थानाधिकारी ने बताया कि इस मकान में 17-18 कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में राजेश का परिवार पिछले चार महीने से रह रहा था। यह परिवार मूल रूप से मोतिहारी, बिहार का रहने वाला था।

उन्होंने बताया कि घटना में किसी अन्य कमरे को नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा,राजेश एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने सुबह अपना सिलेंडर भरवाया था और उसे बदल रहा था तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया और शवों को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और अन्य ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से पांच नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# किसी भी भाजपा कार्यकर्ता का सर नीचे नहीं होने दूंगा : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



झुंझुनूं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा क्लस्टर के अपेक्षित कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी से पहले राष्ट्र की सोच रखता है। राष्ट्र भावना से भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता का सिर झुकाने नहीं दूंगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है आगामी 2047 तक भारत संसार में विकसित देश की श्रेणी में अग्रिम होगा राजस्थान की राजनीति पर बोलते हुए भजन लाल शर्मा ने कहाकि कांग्रेस ने झूठ के सहारे लंबे समय तक राज किया है। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी सच्चाई के दम पर प्रदेश के लोगों की सेवा करती हैं। सरकार बनने के 3 माह में ही संकल्प पत्र में किए वादों के 45% कार्य संपन्न कर दिए गए। उन्होंने कहाकि भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र में यह वादा किया था कि पेट्रोल-डीजल की दरें कम करने के साथ प्रदेश में पेट्रोल डीजल की दर सभी जगह समान करेंगे।

चुनाव के 100 दिन पूरा होने से पूर्व ही उनके नेतृत्व में भाजपा ने अपना वादा निभाया। पेट्रोल डीजल की कीमत कम कर राजस्थान की जनता को राहत दी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उनके बीच में यमुना जल को लेकर जो समझौता हुआ उससे झुंझुनू सहित शेखावाटी के लोगों को सिंचाई व पेयजल की बडी सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 से अधिक सीटों से जीतकर इतिहास रचेगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने झुंझुनू की वीर धरा को नमन करते हुए कहा कि मेवाड़, चित्तौड़ की ओर से मैं वीरों की धरती को नमन करता हूं।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर राजस्थान की 25 की 25 सीटें भाजपा की झोली में होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहाकि प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर प्रत्येक लोकसभा को हमें 5 लाख से अधिक वोटो से विजय बनाना है। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव, प्रदेश की सह प्रभारी विजयराहटकर, राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्यमंत्री गौतम दक, झुंझुनू लोकसभा प्रभारी बाबा बालकनाथ, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सीकर जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, विधायक खंडेला सुभाष मील ने भी अपने विचार रखें।

स्वागत भाषण झुंझुनू जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने दिया, जबकि धन्यवाद अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष उम्मेद भैया ने दिया। मंच का संचालन झुंझुनू लोकसभा संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत ने किया।

# भाजपा ने झूठे आरोप लगाकर चुनाव जीता : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चेन्नई, बेंगलूरु और हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानियों के स्नेह मिलन समारोह में भाग लिया एवं लोकसभा चुनाव में सभी 25 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। गहलोत ने कहा कि राजस्थान के प्रवासी चाहे देश में हो या विदेश में, उन्होंने अकाल, सूखा, बाढ़ या कोविड हर मुश्किल में प्रवासी राजस्थानियों ने अपना फर्ज अदा किया है। अपने गांवों में अस्पताल, स्कूल समेत तमाम विकास कार्यों में प्रवासी आगे रहते हैं।

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए गहलोत ने कहा कि 2018 से 2023 के कार्यकाल में राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया। हमारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रशंसा देशभर में की गई। पहली बार राजस्थान अपनी योजनाओं के लिए देशभर में चर्चा में रहा। कई राज्यों ने अपनी टीम भेजकर हमारी सरकार की योजनाओं का अध्ययन करवाया। हालांकि बीजेपी के झूठे आरोपों और भ्रामक प्रचार के कारण हम चुनाव में कामयाब नहीं हो सके पर हमारी योजनाओं पर जनता के भरोसे के कारण हमारा वोट पिछले चुनाव की तुलना में बढ़ा है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार जाने के 3 महीने में ही गांवों में लोग हमारी योजनाओं को याद करने लग गए हैं क्योंकि भाजपा सरकार ने हमारी योजनाओं को कमजोर या बन्द कर दिया है। राजस्थान की सरकार नई दिल्ली से रिमोट से चल रही है। अब लोकसभा चुनाव में जनता उनके झूठे आरोपों को जवाब उन्हीं से मांगेगी।



अशोक गहलोत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विधायकों की खरीद-फरोख्त (हॉर्स ट्रेडिंग) कर सरकारें गिराने का काम कर रही है। जिन विपक्षी नेताओं पर केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है उनके भाजपा में शामिल होते ही क्लीन चिट मिल जाती है। सरकार का काम कानून का राज स्थापित करना है परन्तु भाजपा ने कानून का इस्तेमाल हथियार की तरह करना शुरू कर दिया है। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक सभी संविधान की शपथ लेते हैं और इस शपथ के बाद उन्हें काम करने की शक्तियां मिलती हैं परन्तु छऊ- सरकार के राज में ऐसा नहीं है। सरकार में अगर मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों की अथॉरिटी कमजोर होगी तो वो अच्छे से शासन नहीं कर सकते हैं और इसका नुकसान जनता को होता है। रिमोट कंट्रोल वाले भाजपा सांसद केन्द्र सरकार के सामने राजस्थान के हितों की रक्षा नहीं कर पाए। णझ- सरकार के समय स्वीकृत की गईं तमाम रेलवे परियोजनाओं को रोक दिया गया परन्तु सांसदों ने कोई आवाज नहीं उठाई। आज भी आवश्यकता है कि दक्षिण भारत से राजस्थान की रेलवे कनेक्टिविटी को और बेहतर किया जाए। राज्य और केन्द्र सरकार पर दबाव बनाने एवं राजस्थान की आवाज मजबूत करने के लिए प्रदेशभर में कांग्रेस को विजयी बनाना आवश्यक है। देश अभी नाजुक दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र खतरे में है और बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां से देश किस दिशा में जाएगा वो कोई नहीं जानता है। श्रीमती इन्दिरा गांधी शहीद हो गईं पर खालिस्तान नहीं बनने दिया। श्री राजीव गांधी भारतीय उपमहाद्वीप में शांति स्थापित करने के लिए शहीद हो गए। श्री राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं। पहले भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश में माहौल बदला है। राहुल जी की न्याय की गारंटी से जनता में एक उम्मीद की किरण जागी है।

## जनसंपर्क



केंद्रीय मंत्री व बीकानेर लोकसभा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र गांव जेतासर में जनसंपर्क करते हुए।

# कांग्रेस ने गरीबों एवं किसानों को धोखा दिया : भजन लाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस पर किसानों एवं गरीबों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस के नेताओं का झूठ सामने आ गया है। शर्मा झुंझुनूं-सीकर लोकसभा कलस्टर के साथ कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों तक शेखावाटी के लोगों को गुमराह किया और गरीबों एवं किसानों को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि शेखावाटी में पानी की समस्या को कांग्रेस नेताओं ने नजरअंदाज कर वोटों की खातिर केवल तुष्टीकरण की नीति पर काम किया।

पार्टी के बयान के अनुसार शर्मा ने कहा, कांग्रेस के नेता चुनावों के दौरान झूठे वादे करती है और मतदाताओं को गुमराह करने का काम करती है लेकिन अब कांग्रेसी



नेताओं का झूठ सबके सामने आ गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने झूठ के दम पर राज किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गावों, गरीबों, किसानों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया, ऐसे में इस बार भी राजस्थान से 25 की 25 सीट पर कमल खिलाना है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने सरकार बनने के तीन माह के दौरान ही भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए अनेक वादों को को पूरा कर दिया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राजस्थान सरकार के मध्य यमुना जल समझौता हो गया है।

उन्होंने कहा कि इससे शेखावाटी के लोगों को पीने का पानी तो मिलेगा ही, साथ में सिंचाई के लिए भी जल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है जिसका शिलान्यास मोदी सरकार करती है, उसका उद्घाटन भी उसी के कार्यकाल में पूरा होता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एवं अलवर लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्य मंत्री गौतम दक, झुंझुनू लोकसभा प्रभारी बाबा बालक नाथ, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद थे। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार बैठक के बाद कई कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। मुख्यमंत्री शर्मा एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने इन नेताओं को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।



# राज्यपाल ने गोविंद देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार को गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने गोविंद देव जी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की।

बाद में राज्यपाल मिश्र परंपरागत चले आ रहे गोविंद देव जी मंदिर के फागोत्सव में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां फाग उत्सव पर खेली जा रही फूलों की होली की राधा माधव लीला देखी और कलाकारों की सराहना की। उन्होंने होली के पावन पर्व की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि रंगो का यह त्योंहार सबके लिए मंगलमय हो। यह सबमें उमंग और उत्साह का वास कराए।

# राजस्थान में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 681 शिकायतें मिलीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की अब तक 681 शिकायतें ऐप के जरिए मिलीं जिनमें से 277 का तुरंत समाधान कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद से अब तक 681 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से पीठासीन अधिकारियों ने 277 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया । उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार 'सी विजिल' ऐप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐप के जरिए इस दौरान सबसे अधिक 326 शिकायतें अवैध पोस्टर-बैनर को लेकर मिलीं जिनमें 234 सही पायी गईं। उनके मुताबिक इसी तरह शराब बांटने की 14 शिकायतों में दो सही पायी गयीं, जिन पर तय वक्त में कार्रवाई की गयी।

उन्होंने एक बयान में बताया कि 'सी-विजिल' पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 155 शिकायतें टोंक जिले में मिलीं।

भाजपा नेता व पूर्व विधायक गुंजल कांग्रेस में शामिल जयपुर, 21 मार्च (भाषा) भाजपा नेता व पूर्व विधायक प्रह्लाद गुंजल ने बृहस्पतिवार को यहां कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले ली। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गुंजल ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गुंजल का स्वागत किया। कोटा उत्तर से विधायक रहे गुंजल को काफी मुखर नेता के रूप में देखा जाता है और उनके आने से कांग्रेस को हाड़ौती अंचल में फायदा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



# भाजपा के पूर्व विधायक प्रह्लाद गुंजल कांग्रेस में हुए शामिल, ओम बिड़ला के खिलाफ लड़ सकते हैं चुनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने गुरुवार को कांग्रेस से नाता जोड़ लिया है। पीसीसी में कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में गुंजल कांग्रेस में शामिल हुए। प्रहलाद के साथ नरेश मीणा, सुनील परिहार और फतेह खान ने भी पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, अशोक चांदना और धीरज गुर्जर समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि बीजेपी में चापलूसों की जरुरत है। हमने सबसे चर्चा करने के बाद सहमति से फैसला लिया है।

प्रहलाद गुंजल गुर्जर समाज के बड़े नेता है। वह दो बार विधायक रह चुके हैं। 2013 में कोटा उत्तर से धारीवाल को हराकर विधायक बने थे। वह वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने शांति धारीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। गुंजल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद चर्चा है कि वह कोटा-बूंदी से ओम बिड़ला के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद गुंजल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब भाजपा में व्यक्ति पूजा हावी होने लगी है। कोटा में किसी एक व्यक्ति और परिवार की गुलामी करने पर ही भाजपा कार्यकर्ता होने का सर्टिफिकेट मिलता है। आज लोकतंत्र कुचलने वाले इस समय में खुद्दारी और खरीददारी का खेल चल रहा है। खरीददारी के आगे आज खुद्दारी ने अपना रास्ता बदल लिया है। देश में हालातों को लेकर अशोक गहलोत की बातों से सहमत हूं। सीएम भजनलाल सहित कई नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा में 40 साल तक काम किया। जब विधायक था तो आज के सीएम सरपंच का चुनाव लड़ रहे थे। कोई पंचायत समिति का चुनाव लड़ रहा था तो कोई छोटे से कार्यकर्ता के रूप में मौजूद था। कोटा संभाग में भाजपा की मौजूदा नीतियों के चलते मैंने सभी समर्थकों की सहमति से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला किया है। इस मौके पर अशोक गहलोत ने कहा कि आज देश में जो हालात बने हैं, उनके खिलाफ कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता चाहकर भी नहीं बोल पा रहे। गुंजल ने हालातों के खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय लेते हुए कांग्रेस में शामिल होकर राहुल गांधी की उठाई आवाज को मजबूत करने का निर्णय लिया है। कोटा क्षेत्र में इनके प्रभाव का फायदा कांग्रेस को मिलेगा। सभी नेताओं से सहमति के बाद गुंजल कांग्रेस परिवार में शामिल हुए हैं। वहीं पीसीसी चीफ गोविन्द डोटासरा ने गुंजल का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के अंदर कई नेता लोकतंत्र कुचलने वाली नीतियों से परेशान हैं। गुंजल ने इसके खिलाफ आवाज उठाकर आम जनता के समर्थन में आवाज उठाई है।

# महिला थानेदार 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बीकानेर/दक्षिण भारत। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के निर्देश पर स्पेशल यूनिट, बीकानेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए अनिता विश्नोई महिला कानिस्टेबल, महिला पुलिस थाना बीकानेर को परिवादी से 20 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी ने महिला कांस्टेबल के आवास और अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी करके तलाशी ली।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की स्पेशल यूनिट, बीकानेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके एवं उसके परिजनों के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में आरोपियों के नाम निकालने की एवज में आरोपिया अनिता विश्नोई महिला कानस्टेबल द्वारा 20 हजार रूपए रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी बीकानेर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट, बीकानेर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक पिंकी गंगवाल द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही की गई।



# पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं/दक्षिण भारत। राजस्थान के पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर झुंझुनूं जिले के रिटायर्ड फौजियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें पूर्व सैनिकों की तमाम समस्याओं का जिक्र करते हुए उनका शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष सैनिक वर्ग से ही होना चाहिए। जैसलमेर बाड़मेर नहरी एरिया पर पूर्व सैनिकों को मुरब्बा हेतु अलोट 4 लाख बीघा जमीन, जिसमें 1984 के बाद आज तक कोई अलॉटमेंट नहीं हुआ है, के अलॉटमेंट आदेश जारी किए जाएं। राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम 1988 के तहत राज्य के अधीन विभिन्न सेवाओं में भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण दिए जाने का प्रावधान विहित है, इस पर अमल किया जाए।

हाल ही में 7 दिसंबर 2022 को राजस्थान कांग्रेस सरकार के कार्मिक विभाग की अधिसूचना में यह निर्णय लिया गया हैं कि भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण अब वर्गवार कर दिया, जो कि भूतपूर्व सैनिकों के हितों के खिलाफ है तथा राज्य सरकार के राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम 1988 के विरुद्ध है। इसके लिए भूतपूर्व सैनिकों द्वारा लम्बे समय से संघर्ष जारी है अतः सैनिकों के आरक्षण को जातिगत आधार पर न बांटकर एक समान मेरिट बनायी जाए।

पूर्व सैनिकों के लिए न्यूनतम अंकों की बाध्यता समाप्त की जाए। सरकार नौकरियों में सैनिकों को सभी वार्गों की तरह आरक्षण में दौहरा लाभ मिले। राजनीतिक पदों पर भी 5 प्रतिशत आरक्षण मिले।

## हमारा घर बर्बाद किया है, जावेद को फांसी दो या मुठभेड़ में मारो : माता-पिता

**बदायूं (उप्र)/भाषा।** पुलिस जावेद को भी मार दे, लेकिन पहले उससे पूछताछ की जाए। आखिर उसने और उसके भाई ने हमारे बच्चों की हत्या क्यों की, उसके बाद उसको हमारे सामने ही मारा जाए। हमें न्याय चाहिए। ये शब्द उस मां के हैं जिसके दो नाबालिग बच्चों की बदायूं जिले के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के बाबा कॉलोनी स्थित एक घर में हत्या कर दी गई थी। हत्या के सह-आरोपी जावेद की गिरफ्तारी की खबर पर बच्चों की मां संगीता और पिता विनोद कुमार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि साजिश के तहत उनके सभी बच्चों को मारने की कोशिश की गई। उन्होंने मांग की कि पुलिस पता लगाए आखिर इसके पीछे 'मास्टरमाइंड' कौन है।

## खुफिया सूचनाओं के विश्लेषण से 'आईएसआईएस इंडिया' प्रमुख की गिरफ्तारी हुई : असम पुलिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** खुफिया सूचनाओं के 15 दिनों के सावधानीपूर्वक विश्लेषण, स्थानीय संपर्कों की तलाश, पुख्ता योजना, एक ठोस टीम का गठन और सटीक कार्रवाई के कारण असम से 'आईएसआईएस इंडिया' प्रमुख की गिरफ्तारी हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। आईएसआईएस इंडिया के प्रमुख हारिस फारुकी उर्फ हरीश अजमल फारुखी और उसके सहयोगी अनुराग सिंह उर्फ रेहान को बांग्लादेश से सीमा पार करने के बाद बुधवार को असम के धुबरी जिले में गिरफ्तार कर लिया गया। पूरे अभियान का नेतृत्व करने वाले असम पुलिस के एसटीएफ के महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत ने कहा कि दोनों खूंखार आईएसआईएस आतंकियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पहले ही एनआईए को सौंप दिया गया है।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस के नोटिस पर रोक लगाई

**रांची/भाषा।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य पुलिस के नोटिस पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। सोरेन ने 29 जनवरी को दिल्ली स्थित उनके आवास पर एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी के संबंध में रांची के अजा/अजजा पुलिस थाने में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत ईडी अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के तहत अधिकारियों को जांच अधिकारी के सामने पेश होकर अपनी बात रखने को कहा गया था। ईडी ने नोटिस को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। एक सप्ताह बाद मामले की फिर सुनवाई होगी।

# कांग्रेस का 'दिवालियापन' नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं : भाजपा अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) किए जाने के कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में 'ऐतिहासिक हार' की आशंका को देखते हुए उसका शीर्ष नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र और संस्थाओं के खिलाफ 'जमकर भड़ास' निकाल रहा है। नड्डा ने कांग्रेस के आरोपों के कुछ ही देर बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस अपनी 'अप्रासंगिकता' का दोष अपनी सुविधा के अनुसार 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रही है जबकि वास्तव में उसका दिवालियापन नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में चुनाव से पहले पार्टी के बैंक खातों को 'फ्रीज' किए जाने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर वाली स्थिति हों। ये नहीं कि जो सत्ता में हैं, संसाधनों पर उनका एकाधिकार हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। इन आरोपों का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को जनता पूरी तरह नकारने वाली है। उन्होंने कहा, और ऐतिहासिक हार की आशंका से उसके शीर्ष नेतृत्व ने प्रेस कांफ्रेंस कर भारतीय लोकतंत्र और संस्थाओं के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। वे अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। वास्तव में उनका दिवालियापन नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय कांग्रेस अपनी परेशानियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है। उन्होंने कहा, चाहे वह आईटीएटी (आयकर अपीलीय अधिकरण) हो या दिल्ली उच्च न्यायालय, उन्होंने कांग्रेस को नियमों का पालन करने और बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा लेकिन पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस पार्टी ने हर क्षेत्र से, हर राज्य में और इतिहास के हर क्षण में 'लूटा' है, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार के लिए जीप से लेकर बोफोर्स और हेलिकॉप्टर घोटाले तक... अपने सभी घोटालों से जमा धन का उपयोग कर सकती है।

राहुल गांधी पर हमला करते हुए नड्डा ने उन्हें कांग्रेस का 'अंशकालिक' नेता करार दिया और 'भारत में लोकतंत्र नहीं बचा है' जैसे आरोप लगाने के लिए उन्हें आपातकाल की याद दिलाई। उन्होंने कहा, कांग्रेस के अंशकालिक नेता कहते हैं कि भारत में लोकतंत्र होना झूठ है। क्या मैं उन्हें विनम्रतापूर्वक याद दिला सकता हूं कि भारत में 1975 और 1977 के बीच केवल कुछ महीनों के लिए लोकतंत्र नहीं था और उस समय भारत की प्रधानमंत्री कोई और नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गांधी थीं।



## हमारी लड़ाई नफरत भरी आसुरी शक्ति के खिलाफ है : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने 'शक्ति' वाले बयान पर पैदा राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी लड़ाई 'नफरत भरी आसुरी शक्ति' के खिलाफ है। उन्होंने यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, हमारी आसुरी शक्ति से लड़ाई हो रही है। नफरत भरी आसुरी शक्ति।

राहुल गांधी ने गत रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं...एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है? जैसे किसी ने यहां कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम में है। सही है...सही है कि राजा की आत्मा ईवीएम में है... हिंदुस्तान की हर संस्था में है। ईडी में है, सीबीआई में है, आयकर विभाग में है।

इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर मुंबई की रैली में 'शक्ति' के विनाश का बिगुल फूंकने का आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके लिए हर मां-बेटी 'शक्ति' का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे।

### खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर रविशंकर प्रसाद

## आसन्न हार को देखते हुए हताश कांग्रेस बहाने बना रही

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि बैंक खातों को लेकर आयकर विभाग की कार्रवाई को कांग्रेस द्वारा 'लोकतंत्र को फ्रीज' करना करार देना देश का अपमान है। साथ ही पार्टी ने दावा किया कि इस मसले पर सरकार पर हमले कर विपक्षी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए हताशा में बहाने बना रही है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा तथा कहा कि दोनों ने अपनी 'बेहद गैर जिम्मेदाराना और शर्मनाक' टिप्पणियों से विश्व स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किए जाने को लेकर राहुल गांधी को अदालत और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं पर आक्षेप लगाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

उनकी तीखी टिप्पणी पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने और आईटी कार्रवाई को लेकर सरकार की आलोचना करने के बाद आई। राहुल गांधी ने कहा, आज भारत में कोई लोकतंत्र नहीं है और भारत के दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने की बात पूरी तरह झूठ है। राहुल गांधी ने बैंक खातों पर रोक लगाने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं हैं जिनसे लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन कुछ नहीं हो रहा है।

## ओडिशा विश्वविद्यालय ने सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्रों को पश्चिमी परिधान पहनने पर रोक लगायी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संबलपुर (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा सरकार द्वारा संचालित वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वीएसएसयूटी) ने छात्रों को शुक्रवार से शुरू होने वाले ''टेक्नो-कल्चरल फेस्ट 2024'' के दौरान पारंपरिक परिधान पहनने का निर्देश दिया है। कुलपति की ओर से रजिस्ट्रार द्वारा जारी नोटिस में छात्रों को उत्सव के दिनों में विश्वविद्यालय परिसर के भीतर पश्चिमी परिधान या छोटी पोशाक पहनने पर रोक लगा दी गई है। यह संस्थान संबलपुर जिले के बुर्ला में स्थित है। नोटिस में कहा गया है, वीएसएसयूटी के सभी छात्रों को टेक्नो-कल्चरल फेस्ट-2024 के दौरान भारतीय पारंपरिक/प्रामाणिक परिधान पहनने का निर्देश दिया जाता है। उत्सव के दिनों में विवि परिसर के अंदर पश्चिमी/अश्लील/छोटी पोशाकें सख्त वर्जित हैं। रजिस्ट्रार ने कहा ड्रेस कोड का उल्लंघन करने वाले छात्रों को तुरंत परिसर छोड़ने का निर्देश दिया जाएगा और विश्वविद्यालय द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 4 जिलाधिकारियों का तबादला बताता है कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बंगाल को निशाना बना रही : तृणमूल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में चार जिलाधिकारियों का तबादला उसके रुख की पुष्टि करता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)पिछले राज्य चुनाव में लोगों की ओर से खारिज किए जाने के बाद निर्वाचन आयोग का इस्तेमाल कर रही है।

निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कई राज्यों के गैर-कैडर जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस आधार पर हटा दिया कि ये पद क्रमशः भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के लिए हैं। इस सूची में पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पूर्वी बर्द्धमान और बीरभूम जिलों के जिलाधिकारी के नाम भी शामिल हैं।

इससे पहले 19 मार्च को निर्वाचन आयोग ने 24 घंटे से भी कम समय में पूर्व में नियुक्त विवेक सहाय को हटाकर संजय मुखर्जी को राज्य का पुलिस महानिदेशक बना दिया था। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजीव कुमार को 'गैर-चुनाव' संबंधी पद पर स्थानांतरित करने के आयोग के निर्देश के बाद सहाय को उस पद पर नियुक्त किया था।

# आईपीएल 17 : ताबड़तोड़ क्रिकेट के सबसे बड़े जलसे में भारत के सितारों पर रहेंगी नजरें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी। सभी को हैरान करने वाले फैसले लेने में माहिर धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। अब सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड़ के हाथ में होगी।

धोनी से हालांकि जब यह पूछा जाएगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जायेंगे। उनके वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है। अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे।

'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिए वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिए शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिए टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नए सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगी तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क ( कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रुतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं।

वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिए मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है।

कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिए दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है।

राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।




## आईपीएल पहले मैच से एक दिन पहले धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

**चेन्नई/भाषा।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है।

आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान रूतुराज गायकवाड़। सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, एम एस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है। ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवत: खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी। भारत के लिए छह वनडे और 19 टी20 मैच खेल चुके रूतुराज 2020 में सीएसके से जुड़े थे और पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम के लिए 52 मैच खेल चुके हैं। पिछले साल रूतुराज ने 16 मैचों में 147 .



50 की स्ट्राइक रेट से 590 रन बनाए थे। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथ ने पीटीआई से कहा, धोनी जो भी करते हैं, वह टीम के हित में होता है। मुझे भी कप्तानों की बैठक से पहले ही इसके बारे में पता चला। यह उनका फैसला है और इसका सम्मान करना चाहिए। रूतुराज पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली



भारतीय टीम के भी कप्तान थे।

धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स का अटूट रिश्ता है और ऐसी उम्मीद है कि खेल से विदा लेने के बाद भी वह किसी न किसी रूप में टीम से जुड़े रहेंगे। चेन्नई ने 2022 सत्र में रविंद्र जडेजा को कप्तान बनाया था लेकिन आठ मैचों के बाद खराब प्रदर्शन के कारण जडेजा ने कप्तानी फिर धोनी को सौंप दी थी। विश्वनाथन ने कहा, 'उस समय यह बदलाव काम नहीं कर पाया। अब बात अलग है। बाद में प्रेस कांफ्रेंस में चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा, हम 2022 में एम एस की कप्तानी से अलग होने के लिए तैयार नहीं थे। धोनी को क्रिकेट की जबर्दस्त समझ है लेकिन हम युवा खिलाड़ियों को इस भूमिका के लिए तैयार करना चाहते थे। इस बार हम तैयार हैं। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली लेकिन आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था। पिछले साल घुटने में तकलीफ के साथ खेलते हुए धोनी ने सीएसके को पांचवां खिताब दिलाने के बाद सर्जरी कराई थी। धोनी ने 250 आईपीएल मैच खेलकर 135 . 92 की स्ट्राइक रेट से 5000 से अधिक रन बनाए हैं। घुटने के दर्द के कारण वह पिछले सत्र में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन अब पूरी तरह से फिट होकर वह ऊपर उतर सकते हैं। हाल ही में धोनी से मिले भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा था कि वह फिट लग रहे हैं। उन्होंने स्टार स्पोटर्स पर कहा था, पिछले साल धोनी ने कहा था कि वह अपने क्रिकेट से प्रशंसकों के एक तोहफा देंगे। मैं कुछ दिन पहले ही उनसे मिला और वह दो घंटे लगातार खेल रहे थे। उनका घुटना दुरूस्त है।

## सुविचार

**घर की सारी परेशानियों को वो, खिलौनों की तरह बटोर लेता है, पिता आंसू दिखा नहीं सकता, इसलिए वो छुप के रो लेता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# घुसपैठियों पर सख्ती जरूरी

केंद्र सरकार का उच्चतम न्यायालय से यह कहना कि 'विदेशियों को शरणार्थी के रूप में 'सभी मामलों में स्वीकृति' नहीं दी जा सकती है, विशेष रूप से तब, जब ऐसे ज्यादातर लोग अवैध रूप से देश में घुस चुके हैं', अत्यंत प्रासंगिक है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह भारतीय नागरिकों के हितों की रक्षा करे। साथ ही इस बात को लेकर विशेष सावधानी बरते कि जो लोग अवैध ढंग से यहां रह रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें स्वदेश रवाना किया जाए। निस्संदेह रोहिंग्याओं का भारत में लगातार रहना राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। दु:खद है कि कुछ राजनीतिक दल वोटबैंक की राजनीति के कारण इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। पिछले पांच वर्षों की ही बात करें तो समय-समय पर ऐसी खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें पढ़कर कोई भी विवेकशील मनुष्य यही कहेगा कि रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी घुसपैठिए, उनकी पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया जाए और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उनके देश भेज दिया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि अगर उनमें से कोई व्यक्ति दोबारा घुसपैठ कर यहां आ जाए तो उसे कठोर दंड मिले। नवंबर 2018 में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें बताया गया था कि भारत में घुसपैठ करने के बाद रोहिंग्या कई इलाकों में फैल चुके हैं। वे लद्दाख तक जा पहुंचे थे और वहां झुग्गियां लगाने की तैयारी कर रहे थे। इसी तरह रोहिंग्याओं के समूह दक्षिणी राज्यों में देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों से इनके टकराव की घटनाएं देखने को मिलती हैं। म्यांमार से बांग्लादेश और फिर भारत में दाखिल हुए रोहिंग्याओं के बारे में कई विशेषज्ञ पहले ही कह चुके हैं कि ये भविष्य में देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं।

निस्संदेह भारत ने वर्ष 1951 के शरणार्थी दर्जे के संबंध में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौते पर या शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित प्रोटोकॉल, 1967 पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसका मतलब है कि किसी भी वर्ग के व्यक्तियों को शरणार्थी के रूप में मान्यता दी जानी है या नहीं, यह भारत का 'शुद्ध नीतिगत निर्णय' है। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में भी यही बात दोहराई है। भारत की आबादी पहले ही काफी ज्यादा है। सरकार को भारतीय नागरिकों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यह न भूलें कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का इरादा भारत के संसाधनों का उपभोग करना है। इससे कालांतर में स्थानीय लोगों में असंतोष पैदा हो सकता है। पूर्व में घुसपैठ की समस्या को बयान करता हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसमें देखा गया कि एक पक्की दुकान (जिसके लिए दुकानदार ने विभिन्न तरह की इजाजतें ली थीं) के सामने कोई शख्स (जो घुसपैठ कर भारत आया था) अचानक कुछ किलोग्राम फल-सब्जियां लेकर बैठ जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो वह कानूनी तरीके से बनी पक्की दुकान के ठीक सामने अपनी 'अस्थायी' व 'अवैध' दुकान लगा लेता है। अगर दुकानदार इस पर आपत्ति जताते हुए उसे हटाए तो 'मानवाधिकारों के रक्षक' कहेंगे कि यह अत्याचार हो रहा है। अगर न हटाए तो अपने ग्राहकों को असुविधा हो और भविष्य में कलह मचे। घुसपैठिए हमारे देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के साथ ही सद्भाव के लिए भी खतरा हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह कानूनी तरीके से सख्ती दिखाए। इस संबंध में कठोर दंड के प्रावधान वाले कानून बनाए, ताकि लोग ग़लत तरीके से यहां आने को लेकर हतोत्साहित हों।

## ट्वीटर टॉक



विश्व में कविताओं के लेखन, पठन, प्रकाशन और शिक्षण के लिए नए लेखकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाये जाने वाले 'विश्व कविता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। आइये इस दिवस पर नए कवियों और लेखकों को कविताएँ लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।

**-दीया कुमारी**



हमारी भाजपा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को सुविधाएं देने का काम किया था। कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सुविधाओं को छीनने का काम किया। अब भाजपा सरकार बनने के बाद हमने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान देने का काम किया है।

**-भजनलाल शर्मा**



हम अगले 25 साल का रोडमैप बना रहे हैं और अपने तीसरे टर्म के पहले 100 दिन का प्लान भी बना रहे हैं। दूसरी तरफ, जो हमारे विरोधी हैं वो भी नए कीर्तिमान बना रहे हैं। आज ही मोदी को 104वीं गाली दी है। औरंगजेब कह कर नवाजा गया है, मोदी की खोपड़ी उड़ाने का ऐलान किया गया है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# आलस्य का जंग



भगवान बुद्ध के पास नगर-श्रेष्ठी के पुत्र सुमंत और श्रमिक के पुत्र तरुण ने एक साथ प्रव्रज्या ली और दोनों भावपूर्वक संघ के नियमों का पालन करने लगे। कुछ दिनों बाद प्रधान भिक्षु ने दोनों की प्रगति की सूचना देते हुए बताया कि श्रेष्ठी-पुत्र अध्ययन में तो आगे है, लेकिन श्रम करने में तरुण श्रेष्ठ है। तथागत ने भिक्षु को बताया, 'श्रेष्ठी-पुत्र अभी जंग लगा हुआ पुर्जा है, उसका जंग धीरे-धीरे ही छूट पाएगा।' जब भिक्षु ने उनकी बात का तात्पर्य पूछा, तो तथागत बोले, 'सुमंत का जीवन लंबे समय तक आराम और आलस्य-प्रमाद में बीता है। आलस्य से मनुष्य जंग लगे औजार जैसा हो जाता है। दूसरी ओर श्रमिक-पुत्र तरुण शुद्ध औजार है, इसलिए खूब कर्म करता है। सुमंत को कठिन साधना करनी होगी, तभी उसके आलस्य का जंग छूट पाएगा और वह भी तरुण की तरह कर्मशील बन सकेगा।

## सामयिक

# रंगों का सफर भी कुछ कम रंग-बिरंगा नहीं !

**दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'**

मोबाइल-7379100261



रंगों का हमारे हमारे जीवन पर ऐसा रंग जम चुका है कि इसके बिना सब सूना-सूना लगता है। इसीलिए जब भी कोई आयोजन किया जाता है-शादी-ब्याह हो या व्रत त्यौहार, हम अपने परि-वेश को कमोबेश रंगीन बनाना नहीं भूलते। होली तो खालिस रंगों का ही पर्व है। रंग हमारी प्रसन्नता, उल्लास और उमंग के प्रतीक हैं। यहाँ तक कि शोक व असंतोष प्रदर्शन के लिए भी काला रंग निर्धारित है। शुभ-अशुभ कार्यों एवं अवसर के हिसाब से वस्त्रों के अलग-अलग रंग तयशुदा हैं। कुल मिलाकर रंग हमारी परम्परा का अटूट हिस्सा बन चुका है।

गौर करने की बात है कि रंगों का दखल हमारे जीवन में हुआ कब से ? इस सम्बन्ध में खोजबीन करने पर हम पते हैं कि संसार की विलुप्त पुरानी सभ्यताओं के दिनों में भी रंग आदमी की पकड़ में आ चुके थे। अपने यहाँ मोहनजोदड़ों और हड़प्पा की खुदाई में निकली सिंधु घाटी की सभ्यता' के शिल्पकार रंगों से परिचित थे। यहाँ प्राप्त मिट्टी के बर्तन, मूर्तियों और खिलौनों पर रंगाई की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस पर मजीठ वृक्ष की छाल से तैयार किया गया रंग चढ़ाया गया है। इतिहासकार इस सभ्यता को करीब पाँच हजार साल पहले ध्वस्त हो चुकी मानते हैं। इस लिहाज से रंगों का हमारी जिन्दगी में दाखिला सिंधु घाटी की सभ्यता जितना पुरातन तो है ही!

वैसे रंगों का उपयोग कब से होना आरम्भ हुआ, इसे एकदम ठीक-ठाक बात पाना मुश्किल है। मगर इतना तय है कि आदिम युग में प्रकृति की रंगीनियों मानव को रंगों का ज्ञान प्राप्त हुआ और अपनी अगली पीढ़ी के लिए उसने रंगों की तलाश भी प्राकृतिक स्रोतों से आरम्भ की। इस सिलसिले में वृक्ष की छाल, जड़, घास, काई, कीट, कृमियाँ, हल्दी, केशर, फूल, पौधे, घोंघे आदि रंग प्राप्त करने के दर्जनों साधन समय के साथ विकसित होते चले गए थे।

प्राचीन काल में लाल रंग मुख्य रूप से पतंग या बक्कम नामक वृक्ष की छाल तथा मजिष्ठा की जड़ों को कूटकर निकाल जाता था। पीपल,पाकड़, गूलर जैसे वृक्षों में लगने वाली लाख की कृमियों की लाख से भी महावर और लाल रंग तैयार किया जाता था। लाह में लाइकेक अम्ल पाया जाता है, जो क्षार से रासायनिक क्रिया के फलस्वरूप लाल रंग में बदल जाता है। संस्कृत साहित्य में पिष्ठातक' (गुलाल) की चर्चा मिलती है, वह बक्कम वृक्ष की छाल से ब्रेजिलियन नामक लाल द्रव्य को अलग करके तैयार किया जाता था। इसे सुगंधित बनाने के लिए इसमें केशर भी मिलते थे। पीले रंग की प्रधान स्रोत हल्दी थी। नीले रंग के लिए उत्तर भारत खासकर बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश नील की खेती होती थी। यहाँ ग्रामीण अंचलों अब भी नील के गोदामों के अवशेष विद्यमान हैं। नील के लिए वनस्पति विज्ञान की शब्दावली में 'इन्डिगोफेरा' कहा जाने वाला पौधा उगाया जाता था। पौधा जब पूर्ण अवस्था यानी तीन-चार फिट का हो जाता था तो इसे काटकर पानी के हौज में डूबाकर छोड़ देते थे। इस तरह कुछ दिनों में पौधे में मौजूद नील हौज के पेंदे में बैठ जाती थी, बाद में हौज का पानी निकाल कर नील जमा ली जाती थी।

प्रकृति में हरे रंग की बहुतायत है। जिधर भी निगाह उठायें, पेड़-पौधों की पत्तियों में यह क्लोरोफिल' के रूप में दिख जाएगा। मगर प्राकृतिक स्रोतों से इसे पाना अत्यंत कठिन था। यद्यपि केले के पत्ते, कुछ विशेष घास और नदियों में पायी जाने वाली एक प्रकार की काई से हरा रंग प्राप्त किया जाता था, किन्तु बड़ी मेहनत के बाद अत्यन्त अल्प मात्रा में उपलब्ध होता था। इसलिए रंगरेज लोग अधिकतर हल्दी और नील के मेल से धनी रंग बनाकर काम में लाते थे। उन दिनों हरे रंग का उपयोग कम होता था।

सामान्यत: लाल, पीला और नीला यही मुख्य रंग हैं। अन्य रंग इनके संयोग से बनाए जा सकते हैं। प्राचीन काल में रंगरेज इस कला में माहिर थे। मगर फिर भी विभिन्न रंगों को स्वतंत्र स्रोतों से प्राप्त करने का सिलसिला जारी था। केशरिया रंग बनाने के लिए पलाश या टेसू के फूलों को पानी में उबालते थे। यह पक्का रंग बनता था। इसे और गहरा बनाने के लिए इसमें केशर के फूलों का उपयोग भी करते थे। पांचवें-छठे दशक तक गाँवों में टेसू के फूलों से रंग बनाकर होली खेलने का प्रचलन था। लाल चंदन और चुकन्दर से भी लाल रंग बनता था।

समुद्र में पाए जाने वाले एक प्रकार के घोंघे से टायरिन बैगनी रंग बनाया जाता था। बाबूल जाति के खैर वृक्ष की छाल से कत्थई रंग निकालते थे। किरमिजी रंग पेरू नामक कीड़े से प्राप्त किया जाता था। पेरू को पहले नागफनी की बाद पर पालकर बाद करते थे, फिर उबलते पानी में डालकर धूप में सुखा लेते थे। अंत में इसे पीसकर पानी के साथ खूब पकाते थे। इस प्रकार कोचिलियन' नामक पदार्थ प्राप्त होता था, जिसमें सिरका मिलाकर पक्का किरमिजी रंग यानी कार्मीन रेड' बनता था। कुछ रंग खनिज रूप में मिलते थे। अजंता-एलोरा की गुफाओं के अनुपम चित्र उस क्षेत्र में मिलने वाले खनिज रंगों से रंगे गए हैं। गेरू, चूना, मुल्तानी मिट्टी वगैरह खनिज रंग हैं, जिनका हम आज भी उपयोग करते आ रहे हैं।

प्राकृतिक रंग हजारों साल तक हमारे साथी रहे। वस्त्रों की रंगाई और कलात्मक उपयोग के साथ-साथ अन्य अवसरों पर भी यह उपयोग में लाए जाते थे। मगर करीब डेढ़ सौ साल पहले पश्चिम में हुई औद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप कपड़ा उद्योग का तेजी से विकास हुआ। कपड़ों की रंगाई के लिए रंगों की मांग बेतहाशा बढ़ने लगी। प्राकृतिक रंग सीमित मात्रा में उपलब्ध थे, लिहाज निरन्तर बढ़ती मांग की पूर्ति में नहीं तिक सके। ऐसी स्थिति में कृत्रिम रंग की खोज आरम्भ हुई।

संयोग की बात है, कुनैन बनाने के प्रयास में विलियम पार्कीन को सन 1856 में बैगनी रंग बनाने का फार्मूला मिल गया। इसके बाद देखते-देखते बनावटी रंगों की दुनिया आबाद होती चली गई। करीब चार दशक के अन्दर संश्लेषित रंगों का रंग ऐसा जम गया कि हमारी हजारों साल पुरानी प्राकृतिक रंग की परंपरा चलन से बाहर होती चली गई। आगे सौ साल तक तो प्राकृतिक रंग का कोई नामलेवा भी न रहा। मगर पिछले तीस-पैंतीस सालों से कृत्रिम रंगों के स्वास्थ्य पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव की बात सामने आने लगी है, जिससे एक बार पुन: हम प्राकृतिक रंगों की परम्परा से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

## नजरिया

# जन -जन के मन को भाये 'मोहन', 100 दिनों की 'विराट' पारी

**हर्षवर्धन पाण्डे**




मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने अपने 100 दिन के छोटे से कार्यकाल में अपने काम से न केवल जनता का दिल जीता है बल्कि अपने सख्त निर्णयों के माध्यम से राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने भी अपनी अलहदा पहचान बनाने में सफलता पाई है। शपथ ग्रहण करने के बाद उन्होंने योग्य अफसरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर अपने बुलंद इरादों को सभी के सामने जता दिए। इस छोटे से कार्यकाल में उन्होनें अपनी खुद की नई टीम बनाई और मुख्यमंत्री आवास से लेकर मंत्रालय, संभाग और जिलों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने से भी परहेज नहीं किया। बरसों तक मंत्रियों के स्टाफ की नियुक्ति की फ़ाइल रोककर उन्होंने अपनी बनाई नई लकीर पर चलने का साहसिक निर्णय लिया। हर समय एक्शन में रहने वाले डा. मोहन यादव के तेवरों को देखकर आज प्रदेश में पूरी नौकरशाही सहमी हुई है। मंत्रालय का वल्लभ भवन एक समय कुछ चुनिंदा नौकरशाहों की राजनीति का नया पावर सेंटर और कोटरी बन गया था। इसे देखते हुए वहाँ पर भी ताबड़तोड़ तबादलों से मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने परहेज नहीं किया। हर किसी अधिकारी के ट्रैक रिकार्ड को न केवल खंगाला बल्कि कार्यक्षमताओं के अनुरूप सभी को नए कार्यों का प्रभार सौंपा। मुख्यमंत्री निवास से लेकर सचिवालय तक उनकी देर रात तक होने वाली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी से प्रदेश में अभी भी हड़कंप मचा है। लालफीताशाही पर लगाम लगने से अब मध्यप्रदेश के विकास को डॉ मोहन के दूरदर्शी नेतृत्व में नई गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव बहुत तेजी से फैसले लेते हैं। इसकी बानगी शपथ के बाद तत्काल लिए गए निर्णयों को देखने से मिलती है। जब से प्रदेश में मोहन सरकार बनी है तब से जहाँ एक ओर प्रदेश में जनता से जुड़े विकास कार्य तेजी से किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर भी तेज गति से काम चल रहा है जिसके कारण बहुत काम समय में जनता का विश्वास मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जीतते जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जनता की समस्याओं का निराकरण तत्परता के साथ कर रहे हैं। हर स्तर पर डा. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में बदलाव की बयार दिखायी पड़ रही है। 100 दिन के भीतर मुख्यमंत्री डा. यादव यह संदेश देने में कामयाब हुए हैं, सरकार का मतलब जनता की सरकार है और अधिकारियों को जनता का सम्मान करना ही होगा।प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व वाली सरकार में बेलगाम नौकरशाही पर भी नकेल कसी गई है जिस कारण मध्यप्रदेश का डबल इंजन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए मुखिया की संकल्प शक्ति और तीव्र गति से निर्णय लेने की क्षमताओं से मध्यप्रदेश में हर जगह एक नई तरह की कार्य संस्कृति और बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भ्रष्टाचार और अफसरशाही पर लगाम कसने से प्रदेश में अब विकास की संभावनाओं को नए पंख लग रहे हैं।

मुख्यमंत्री की शपथ लेने के तुरंत बाद डा. मोहन यादव का पहला फैसला मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थानों पर जोर से लाउड स्पीकर बजाने और खुले में मांस और अंडे की बिक्री पर सख्ती से रोक का रहा। इस फैसले का सभी ने तहे दिल से स्वागत किया। अपराधियों के घरों पर मोहन सरकार भी अपनी बुलडोजर नीति पर चल रही है जिससे अपराधियों के मन में खौफ बैठ गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने दर्दनाक बस दुर्घटना का जब अवलोकन करने जब गुना पहुंचे तो इस हादसे से सबक लेते हुए सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दे दिया कि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के चलने वालों वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और अवैध संचालन के लिए जिम्मेदार लोग यदि बाज न आए तो फिर दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम भी उठाए जाएं। गुना बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री ने जान गंवाने वाले लोगों के शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की और परिवहन विभाग की स्थिति की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय परिवहन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की और परिवहन विभाग में भी फेरबदल कर दिया। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का एक और काम जिसकी सबने तारीफ की, वो 24 घंटे के भीतर एक आईएएस अधिकारी का ट्रांसफर था। हिट-एंड-रन कानून के विरोध में ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के चलते एक कलेक्टर ने ट्रक ड्राइवर की 'औकात' पर कमेंट कर दिया था। उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए कलेक्टर का ट्रांसफर कर दिया। अधिकारियों की ठसक से पंगु होते सिस्टम पर नकील कसने के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव नौकरशाही में ऊपर से लेकर नीचे तक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने से भी नहीं कतराए।

डा. मोहन यादव के काम करने का अपना अलहदा अंदाज है। वह अपने कामकाज के प्रचार से इतर तत्काल एक्शन करने पर यकीन करते हैं। वह अपने फैसले से प्रदेश में हर दिन नई लकीर खींच रहे हैं। शिवराज सरकार में वर्षों तक फ्रंटफुट पर खेलने वाले बरसों तक जमे चुनिंदा अधिकारी आज लूपलाइन में चले गए हैं। लम्बे समय से जमे हुए बड़े-बड़े नौकरशाहों की तबादलों से यह बात स्थापित हो गई है कि मुख्यमंत्री डा.मोहन नई बसाहट के साथ काम करना चाहते हैं जो त्वरित निर्णय ले सके। नई विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था होने से अब प्रदेश के विकास कार्यों में न केवल तेजी आयी है बल्कि समय -समय पर मॉनीटरिंग किये जाने से जनता के हित में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराना मोहन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में पहली बार हुकुमचंद मिल इंदौर के 4 हजार 800 श्रमिकों को उनका हक दिलाया है। तीस वर्ष से अटके इस मामले को मोहन यादव ने एक ही बैठक में निपटा दिया। मध्यप्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार के बीच 28 जनवरी को श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए जिससे मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों की आम जनता को मिलेगा। कई बरसों से लटके इस मामले को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने जयपुर में एक ही बैठक में निपटा दिया। मध्य प्रदेश में लंबे समय से चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेश के मेडिकल कॉलेज आते थे। इसकी वजह से केंद्र की योजनाओं को लागू करने में दिक्कत आती थी। मोहन यादव ने दोनों विभागों को मर्ज कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवजनता के दुःख दर्द को समझने वाले जननेता के रूप में भी उभरे हैं। जनता की समस्याओं का निराकरण करना उनकी पहली प्राथमिकता बनी है। इन 100 दिनों में अलग-अलग संभागों में बैठक कर डॉ. मोहन यादव ने किसानों , युवाओं , महिलाओं और जनजातीय वर्ग के लिए कई बड़े ऐलान किये हैं। रीवा से लेकर उज्जैन, इंदौर से लेकर ग्वालियर सहित सभी प्रदेश के हर संभाग में उनकी सतत सक्रियता बनी है। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भी उनका बेहतर समन्वय बना है और पहली बार प्रदेश में सरकार और संगठन एक दूसरे के करीब आये हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रीराम पथ गमन न्यास की पहली बैठक में अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट में भी विकास कार्य करवाए जाने की बड़ी घोषणा की। जिन स्थानों से भगवान राम गुजरे सरकार ने उन स्थानों को सड़क मार्ग से जोड़ने का ऐलान कर सनातन प्रेमियों का दिल जीतने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार ने महाकाल की नगरी में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव' के सफल आयोजन किया जिसके माध्यम से प्रदेश में निवेश की बड़ी संभावनाएं बन रही हैं। उज्जैन धार्मिक पर्यटन के साथ इंदौर और देवास से मिलकर एक महानगर के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री प्रयत्नशील हैं। अगर उनकी कोशिशें रंग लाई उज्जैन की पहचान महाकाल की नगरी के साथ ही साइंस सिटी, इंडस्ट्रीयल और एजुकेशन हब के रूप में भी होगी।

मोहन सरकार की अब तक की दिशा देखकर स्पष्ट नजर आता है कि वह पार्टी के संकल्प पत्र में किये गए वायदों को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और मोदी की हर गारंटी पूरा करने के लिए डॉ. मोहन यादव ने अपनी पूरी ऊर्जा लगा दी है। मोहन सरकार में जनता से जुड़े निर्णय जिस तरह से हल किये जा रहे हैं उससे प्रदेश भर में एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है, उसने लोगों के दिल को जीतने का काम किया मध्यप्रदेश के गरीब और मध्यमवर्ग के परिवारों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा परिवार में कोई सदस्य अगर बीमार पड़ गया तो उसे एयर एम्बुलेंस जैसी सुविधा मिलेगी लेकिन डॉ. मोहन ने अपने कार्यकाल में प्रदेश की जनता को इसकी बड़ी सौगात दी

डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाये जाने के कारण यूपी, बिहार में क्षेत्रीय दलों के सामने अपने परंपरागत यादव वोट बैंक को बचाने की चुनौती बढ़ने जा रही है। यह बात सभी मान रहे हैं कि डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने से यूपी, बिहार, हरियाणा के यादव मतदाताओं की नई गोलबंदी भाजपा के पक्ष में हो सकती है। उत्तर प्रदेश में यादव मतदाताओं की संख्या 10- 12 प्रतिशत, बिहार में 14.26 प्रतिशत और हरियाणा में 10 प्रतिशत के आसपास है। अभी तक यूपी में अखिलेश यादव और बिहार में लालू यादव ही अपने आपको यादवों का एकछत्र नेता घोषित करते आ रहे थे किंतु अब भाजपा के पास भी मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव एक उभरते नेता बन चुके हैं।

डा.मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं जिसमें पहला यह है कि अब मध्य प्रदेश में बीजेपी को भविष्य के लिए एक नया चेहरा उभरता हुआ ओबीसी चेहरा मिल चुका है जिसके आसपास प्रदेश का कोई भी नेता नहीं है। दूसरा अब भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में एक यादव मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के सहारे अपनी राजनीति की नई बिसात बिछाने जा रही है जिसका प्रभाव 2024 में उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार और हरियाणा तक में महसूस किया जा रहा है जिसके चलते देश के इन सबसे बड़े सूबों में यादव समाज के बड़े नेता परेशान हो चले हैं। शुरुआत में प्रदेश के अधिकांश नेताओं और वरिष्ठ मंत्रियों को ये लगा पार्टी आलाकमान ने उनकी दावेदारी को अनदेखा कर तीसरी कतार के एक कनिष्ठ नेता को साढ़े आठ करोड़ की आबादी के मध्यप्रदेश की कमान सौंप दी जिससे सभी को काम करने में बहुत परेशानी होगी लेकिन अपने 100 दिन के कार्यकाल में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने तमाम अटकलों को खारिज कर दिया है और अपने गुड गवर्नेंस के मॉडल को सभी के सामने पेश किया है जिसमें जनता के हितों की अनदेखी होनी फिलहाल तो मुश्किल दिखाई दे रही है। अधिकारियों को मौके पर लूप लाइन में डालने से लेकर जनता के प्रति जवाबदेह बनाने का नया 'मोहन मॉडल 'सबकी जुबान पर चढ़ रहा है। एमपी की जनता भी उनके निर्णयों पर हामी भरती नजर आ रही है। पक्ष और विपक्ष भी उनकी नीतियों और काम करने के अलहदा अंदाज का का तोड़ नहीं निकाल पा रहा है। हालाँकि सरकार का 100 दिनों का कार्यकाल बहुत छोटा होता है लेकिन मोहन यादव ने अपने छोटे से कार्यकाल में इस बात को प्रदेश के भीतर स्थापित कर दिया है उन्हें कमतर आंकने की भूल कोई भी नहीं करे, वह मध्यप्रदेश की राजनीती नहीं बल्कि देश की सियासत में भी लम्बी रेस के घोड़े साबित होंगे।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# चीन ने पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह पर हमले की निंदा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग/भाषा। चीन ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह पर बलोच उग्रवादियों के हमले की निंदा की और कहा कि बीजिंग आतंकवाद से लड़ने और राष्ट्रीय सुरक्षा के इस्लामाबाद के प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत स्थित ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में बुधवार को घुसने की कोशिश कर रहे आठ बलोच उग्रवादियों को ढेर कर दिया गया। पाक फौज ने यह जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को बताया कि अभियान में सेना के दो जवानों की भी मौत हुई है।

बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक बल के कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से अहम जगह पर स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना का हिस्सा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हमने खबरें देखीं और हम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और हमले में पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने पर शोक प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा, चीन आतंकवाद के सभी तरीकों के खिलाफ है और पाकिस्तान में राष्ट्रीय विकास तथा सामाजिक स्थिरता का पुरजोर समर्थन करता है।

जियान ने कहा, हम आतंकवाद से लड़ने और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता की रक्षा के पाकिस्तान के प्रयासों का पुरजोर समर्थन करते हैं।

सेना की मीडिया इकाई अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उग्रवादियों के एक समूह ने बुधवार को बंदरगाह प्राधिकरण परिसर कॉलोनी में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों के जवानों ने उन्हें सफलतापूर्वक रोक लिया।

बुधवार देर रात जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वहां तैनात सैनिकों ने प्रभावी तरीके से उग्रवादियों को रोका जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई और इसमें सभी आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया।

इसमें कहा गया है कि मुठभेड़ में दो सिपाही भी मारे गए हैं।

अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोलियां और विस्फोटक बरामद किया गया है।

ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से हिंसा जारी है। पूर्व में बलोच विद्रोही समूहों ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

बीएलए बलूचिस्तान में चीन के निवेश का विरोध करता है। वह चीन और पाकिस्तान पर संसाधन संपन्न प्रांत के शोषण का आरोप लगाता है। इस आरोप को अधिकारियों ने खारिज किया है।

सीपीईसी के अंतर्गत कई परियोजनाओं में हजारों चीनी नागरिक पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।

ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर यह हमला तब हुआ है जब एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि उनकी सरकार सीमा-पार से होने वाले आतंकवाद के किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी।

ग्वादर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कैप्टन (सेवानिवृत्त) जोहेब मोहसिन ने कहा कि हालात अब काबू में हैं। उन्होंने बताया कि जब भीषण गोलीबारी हो रही थी तब पुलिस और सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंच गई थी।

## होली का जश्न



भारत में कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र ने गुरुवार को नई दिल्ली में होली का जश्न मनाया, जहां भारतीय और कोरियाई एक साथ अलग-अलग रंगों में डूबे हुए थे।

## संबोधन



नई दिल्ली में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत, सलमान खुर्शीद और अन्य लोग गुरुवार को नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

# पाकिस्तान आतंकवाद के भयानक खतरे का सामना कर रहा है : अमेरिकी अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/भाषा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे इलाकों में लगातार हो रही आतंकवादी गतिविधियों के कारण पाकिस्तान आतंकवाद के भयानक खतरे का सामना कर रहा है।

पाकिस्तान में हाल ही में हुए चुनावों के संबंध में बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान, दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों को बताया कि अफगानिस्तान में 40 वर्षों से संघर्ष चल रहा है और पाकिस्तान इसमें फंस गया है।

लू ने कहा कि अफगानिस्तान में संघर्ष की समाप्ति हम सभी को पाकिस्तान के साथ अपनी शर्तों पर संबंध बनाने का अवसर प्रदान करती है और हम ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, अब पाकिस्तान के साथ हमारा एक प्रमुख लक्ष्य है कि हमें पाकिस्तानी लोगों का समर्थन करना है क्योंकि वर्तमान में वे आतंकवाद के भयानक खतरे का सामना कर रहे हैं। कई सदस्यों ने इस पर चर्चा की है, लेकिन यह एक ऐसा देश है जहां लोगों को आतंकवाद के खतरे के तहत इस तरह से पीड़ित होना पड़ा है।

# ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर हमले में आठ बलोच आतंकवादी और दो पाक सैनिक मारे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कराची/भाषा। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत स्थित ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में बुधवार को घुसने की कोशिश कर रहे आठ बलोच आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। फौज ने यह जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को बताया कि अभियान में सेना के दो जवानों की भी मौत हुई है।

बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक बल के कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से अहम जगह पर स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना का हिस्सा है। फौज की मीडिया इकाई अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आतंकवादियों के एक समूह ने बुधवार को बंदरगाह प्राधिकरण परिसर कॉलोनी में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों के जवानों ने उन्हें सफलतापूर्वक रोक लिया।

बुधवार देर रात जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वहां तैनात सैनिकों ने प्रभावी तरीके से आतंकवादियों को रोका जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई और इसमें सभी आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया।

इसमें कहा गया है कि मुठभेड़ में दो सिपाही भी मारे गए हैं।

अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोलियां और विस्फोटक बरामद किया गया है।

ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से हिंसा जारी है। पूर्व में बलोच विद्रोही समूहों ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं। बीएलए बलूचिस्तान में चीन के निवेश का विरोध करता है। वह चीन और पाकिस्तान पर संसाधन संपन्न प्रांत के शोषण का आरोप लगाता है। इस आरोप को अधिकारियों ने खारिज किया है।

सीपीईसी के अंतर्गत कई परियोजनाओं में हजारों चीनी नागरिक पाकिस्तान में काम कर रहे हैं। ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर यह हमला तब हुआ है जब एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने कहा था कि उनकी सरकार सीमा-पार से होने वाले आतंकवाद के किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी।



# 'ग्राउंड जीरो' में बीएसएफ ऑफिसर का किरदार निभायेगे इमरान हाशमी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म 'ग्राउंड जीरो' में बीएसएफ ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आयेंगे। इमरान हाशमी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' में एक बीएसएफ अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में इमरान हाशमी को एक खतरनाक मिशन पर दिखाया जाएगा, जिन्हें संवेदनशील स्थिति को संभालने के लिए कश्मीर भेजा जाता है। फिल्म 'ग्राउंड जीरो' निर्माता फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा बन रही है।इस फिल्म के निर्देशक विजय देवस्कर और तेजस प्रभा हैं ।

# वीर सावरकर के निर्माता ने राहुल, सोनिया और प्रियंका गांधी को विशेष स्क्रीनिंग के लिए आमंत्रित किया

मुंबई/एजेन्सी





निर्माता आनंद पंडित और फिल्म निर्माता संदीप सिंह द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेताओं- राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को निमंत्रण देने से पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों में टकराव की बहस छिड़ गई है। आमंत्रणों में समय के साथ अफवाह फैलने लगी है। जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने ब्रिटिश शासन के विरोध में एक धर्मनिरपेक्ष और संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखा, वीर सावरकर की दमनकारी ब्रिटिश शासन के प्रति तीव्र नाराज़गी इसके बिल्कुल विपरीत थी। विनायक दामोदर सावरकर द्वारा अंग्रेजों से लड़ने के लिए अपनाए गए तरीके ने व्यवस्था को चुनौती दी और वे तत्कालीन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों के बिल्कुल विपरीत थे, जिन्होंने व्यवस्था के भीतर ही अंग्रेजों का विरोध करना चुना। यह ऐतिहासिक विरोधाभास है, जो फिल्म का उद्देश्य उजागर करता है, और इस प्रकार, उन्होंने वीर सावरकर द्वारा शुरू किए गए ऐतिहासिक आंदोलन को देखने के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को आमंत्रित किया है।

हालाँकि आनंद पंडित और संदीप सिंह के लिए यह गर्व की बात है कि उन्होंने स्वातंत्र्य वीर सावरकर के लिए हाथ मिलाया है और पूरी तरह से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनका मानना है कि स्वातंत्र्य वीर सावरकर के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे नेताओं के खेल समर्थन से दर्शकों का दूसरा पक्ष भी फिल्म देखने के लिए प्रोत्साहित होगा।

रणदीप हुडा फिल्म में विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभा रहे हैं और बतौर निर्देशक यह उनकी पहली फिल्म है।

फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर को ज़ी स्टूडियो, आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स, लीजेंड स्टूडियो, अवाक फिल्म्स और रणदीप हुडा फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज़, आनंद पंडित, संदीप सिंह, योगेश राहर और रणदीप हुडा द्वारा प्रस्तुत, और रूपा पंडित, सैम खान, अनवर अली और पांचाली चक्रवर्ती द्वारा सह-निर्मित है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# मनोज वाजपेयी की फिल्म 'भैयाजी' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी की आने वाली फिल्म भैयाजी का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म भैय्या जी की कहानी वर्ष 2014 में बिहार के सीतामंडी में सेट है।भैया जी' के टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि एक खंडहर के आगे सुनसान इलाके में भीड़ जमा है। भीड़ के बीच में कोई है जो बेहोश पड़ा है। उसे मारने की बात हो रही है,लेकिन कोई हिम्मत कर के आगे नहीं बढ़ रहा। इस बीच उनमें से एक लोहे के रॉड के साथ आगे बढ़ता है। लेकिन वह हमला करने ही वाला होता है कि उस बेहोश पड़े इंसान के पैरों में हरकत होती है। इस बीच भैया जी यानी मनोज वाजपेयी की आंखें खुल जाती हैं और लोग डर से भागने लगते हैं।वह उठकर खड़े होते हैं और एक भाग रहे बदमाश के हाथ से बीड़ी लेकर होठों पर सुलगाते हैं। मनोज वाजेपेयी कहते हैं निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार।

मनोज बाजपेयी ने कहा, भैया जी को एक ऐसा किरदार बनाना था जिसे दर्शक आसानी से भूल न सकें, खासतौर पर तब से जब ये मेरी फिल्म इंडस्ट्री में मेरी 100वीं फिल्म है। मुझे खुशी है कि मुझे 'बंदा' की टीम के साथ दोबारा काम करने का मौका मिला। हमने इस किरदार और फिल्म को बनाने का खूब आनंद लिया। हमें यकीन है कि दर्शक फिल्म के हर सेकंड को पसंद करेंगे। फिल्म भैयाजी के निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की हैं। फिल्म भैयाजी मनोज बाजपेयी के फिल्मी करियर की 100वीं फिल्म है।फिल्म 'भैया जी' का निर्माण विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर ने किया है। यह फिल्म 24 मई 2024 को रिलीज होगी।

# पंकज त्रिपाठी ने कहा, 'ब्रेक लेने का अपना सपना भूल गया हूं'

मुंबई/एजेन्सी



हाल ही में 'मर्डर मुबारक' में दिखाई देने वाले एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि बेहतर प्रोजेक्ट्स में काम करने की उनकी जो इच्छा थी वह तो पूरी हो गई है, लेकिन वह छुट्टियों का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक पंकज ने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'फुकरे', 'न्यूटन', 'बरेली की बर्फी', 'मिमी', 'लूडो', 'मैं अटल हूं', 'स्त्री', 'मिर्जापुर' और 'मर्डर मुबारक' सहित कई अन्य फिल्मों में काम किया है। क्या पंकज अपना सपना जी रहे हैं? इस पर उन्होंने आईएएनएस से कहा, ''नहीं, इतना काम करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि उस सपने के साथ-साथ मेरा एक और सपना भी था, जिसके बारे में मैं पूरी तरह से भूल चुका था, यह छुट्टियों पर जाने का था, जो सपना मैं पूरा नहीं कर पा रहा हूं। मैं इतना व्यस्त हो गया कि मुझे एहसास हुआ कि मैं छुट्टी नहीं ले रहा हूं।''

# धनुष ने संगीतकार 'इलैयाराजा' के जीवन पर आधारित अपनी अगली फिल्म का पोस्टर रिलीज किया



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता धनुष ने बुधवार को प्रसिद्ध संगीतकार इलैयाराजा के जीवन पर आधारित अपनी आगामी फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है। धनुष की आगामी फिल्म का नाम इलैयाराजा है और अरुण मथेश्वरन इसका निर्देशन करेंगे। उन्होंने हाल ही में धनुष की नवीनतम रिलीज़ हुई फिल्म 'कैप्टन मिलर' का निर्देशन किया था। धनुष ने अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म का पोस्टर साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सम्मानित इलैयाराजा सर।' यह फिल्म भारत के महान संगीतकारों में से एक माने जाने वाले इलैयाराजा के जीवन पर आधारित है। इलैयाराजा ने पांच दशकों से अधिक के अपने करियर में 1,000 से अधिक फिल्मों के लिए 7,000 से अधिक गीतों के लिए संगीत तैयार किया और दुनिया भर में 20,000 से अधिक संगीत कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी है।

संगीतकार इलैयाराजा को साल 2010 में तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया और 2018 में उन्हें दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण प्राप्त हुआ। इलैयाराजा फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज होगी। कनेक्ट मीडिया, पीके प्राइम प्रोडक्शन और मरकरी मूवीज़ ने फिल्म को प्रायोजित किया है। श्रीराम भक्तिसरन, सी के पद्म कुमार, वरुण माथुर, इलमपरिथी गजेंद्रन और सौरभ मिश्रा फिल्म के निर्माता होंगे। नीरव शाह फोटोग्राफी के निर्देशक के रूप में काम करेंगे। धनुष फिल्म 'रायन' में भी नजर आएंगे। वह निर्माता शेखर कम्मुला की 'कुबेर में भी दिखाई देंगे, जिसमें नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ सह-कलाकार होंगे।





# होली पर रिलीज होगी फिल्म 'सन ऑफ बिहार'

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म 'सन ऑफ बिहार' होली के अवसर पर 25 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म 'सन ऑफ बिहार' के निर्माता अमित कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता और उमा गुप्ता एवं निर्देशक रवि सिन्हा हैं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म खेसारीलाल यादव के बेहतरीन फिल्मों में से एक होने वाली है। यह फिल्म भोजपुरी दर्शकों को होली का उपहार है, इसलिए हम उम्मीद करेंगे कि वे होली के रंगों के साथ इस फिल्म को देख कर अपना मनोरंजन करें, और फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया से भी अवगत कराएं।उन्होंने बताया कि फिल्म में खेसारी लाल यादव के अलावा मणि भट्टाचार्य, रक्षा गुप्ता, अयान खान, महेश आचार्य, गौरी शंकर और रजनीश पाठक मुख्य भूमिका हैं

वहीं, खेसारीलाल यादव ने दर्शकों से फिल्म को देखने की अपील करते हुए कहा कि यह फिल्म देश की शिक्षा व्यवस्था की ओर ध्यान दिलाती है, इसमें मेरा किरदार वकील का है और फिल्म की अभिनेत्री स्कूल टीचर है। फिल्म का कथानक शानदार है और यह आपको मनोरंजन की एक अद्भुत यात्रा पर ले जाने वाली है. इसलिए इस फिल्म को जरुर देखें। कैप्टन वीडियो प्रा लि प्रस्तुत फिल्म 'सन ऑफ बिहार' के सह निर्माता आलोक गुप्ता, रितु गुप्ता, पंकज गुप्ता, दौलत राम गुप्ता और सहायक निदेशक - अर्जुन, मेज़र, प्रवेज़, तोहिद हैं। कथा, पटकथा एवं संवाद वीरू ठाकुर का है। गीतकार कृष्णा बेदर्दी है, कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी, मनोज गुप्ता, पप्पू खन्ना हैं। डीओपी आर.आर प्रिंस हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।



# चेन्नई कन्या मंडल द्वारा चौबीसी प्रतियोगिता का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार चेन्नई महिला मंडल के तत्वावधान में चेन्नई कन्या मंडल ने चौबीसी प्रतियोगिता का आयोजन साहुकारपेट तेरापंथ सभा भवन में किया।

कन्याओं ने चौबीसी में 19 वें तीर्थंकर भगवान मल्लीप्रभु स्तवन की प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दर्शना बांठिया, द्वितीय स्थान हनी बोहरा और तृतीय स्थान खुशी धोका व तनीशा बाफना को मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका महिला अध्यक्ष लता पारख ने निभाई।

## पौधारोपण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में गुरुवार को एक्नोरा इंटरनेशनल ने विश्व फॉरेस्ट दिवस एवं जल दिवस के मौके पर क्वीन मैरीस कॉलेज में पौधेरोपण एवं पौधे वितरण कार्यक्रम किया गया। डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम ऑफिसर डॉ मुत्थुकुमार ने विद्यार्थियों को वन व जल के प्रति जागरुक किया। इस मौके पर एक्सनोरा नॉर्थ सचिव फतेहराज जैन, मोहनसुंदरम, आनद लक्ष्मण आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# नवदुर्गा सेवा समिति 31 को माधवरम में मनाएंगी होली मिलन

**चेन्नई।** माधवरम स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 31 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे होली मिलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को रंगारंग और मनोरंजक बनाने के लिए चेन्नई के मशहूर लोक गायक पंकजसिंह व उनकी टीम होली के गीत एवं फगुआ फुहार की प्रस्तुति देंगे। समिति के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया।

# नि:शुल्क कोडिंग शिविर अप्रैल माह में

चेन्नई। शहर के अड्यार स्थित हैशहैककोड कम्पनी ने अप्रैल माह में 5 से 16 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए प्रारंभिक तर्क और रचनात्मक मुफ्त कोडिंग शिविरों का आयोजन कर रही है।

प्रारंभिक तर्क (उम्र 5+) सत्र में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कोडिंग के बुनियादी सिद्धांतों तथा क्रिएटिव कोडिंग (आयु 12+) में अधिक जटिल अवधारणाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह निशुल्क शिविर 6व7 और 20व21 अप्रैल को होगा। नि:शुल्क कोडिंग शिविर में शामिल होने के लिए मोबाइल क्रमांक 76397 09810 पर सम्पर्क किया जा सकता है।



# नंजनगुड़ में नवगठित जीतो लेडीज विंग ने किया अहिंसा रन के पोस्टर का विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। जीतो मैसूरु टीम ने अपना विस्तार करते हुए नंजनगुड़ में जीतो लेडीज विंग शाखा का शुभारंभ किया तथा 31 मार्च को होने वाली अहिंसा रन के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर मैसूरु जीतो टीम ने नंजनगुड तेरापथ भवन में जीतो अहिंसा रन का पोस्टर विमोचन नंजनगुड़ निवासी व अंतर्राष्ट्रीय पायलट पोनम्मा चिंदमादा द्वारा किया गया। विमोचन के मौके पर मैसूरु जीतो चैप्टर चेयरमैन कांतिलाल चौहान, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, प्रचार प्रसार प्रभारी रमेश नौलखा, मैसूरु लेडीज चेयरपर्सन मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, उपाध्यक्ष सपना गांधी, कोषाध्यक्ष सरिता बागमार, सहमंत्री मीनाक्षी कोठारी सहित नंजनगुड़ तेरापंथ सभा के अध्यक्ष सम्पतराज नंगावत,जीतो लेडीज विंग की निकिता दक, पायल दक, टीमाबाई दक, तिजियाबाई दक, लीलाबाई भंडारी, मीनाबाई सखलेचा, प्रीति दक आदि अनेक जन उपस्थित थे।



# आरआर नगर की तेरापंथ महिलाओं ने आयोजित किया होली स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा बुधवार को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन तेरापंथ भवन में आयोजित किया। महिला मंडल अध्यक्षा सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत किया। मंडल की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्याओं द्वारा होली के त्यौहार पर एक रोचक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर महिलाओं ने मनोरंजन के लिए अनेक मनोरंजक खेलों व प्रतियोगिताओं में महिलाों ने तीन टीम बनाकर खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में संस्थापिका अध्यक्ष कंचन छाजेड, पूर्व अध्यक्ष सरोज बैद, मंत्री पदमा महेर, संयोजिका मंजू बोथरा ममता दुगड आदि का सहयोग रहा।





# फाल्गुन एकादशी पर पर श्याम मंदिर में बही भक्ति की रसधारा, उमड़े श्रद्धालु

## फाल्गुन माह में अब तक हजारों निशान अर्पण हुए बेंगलूरु मंदिर में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। फाल्गुन माह में राजस्थान के मुख्य मंदिर खाटू धाम में कलयुगी अवतार बाबा श्याम का लक्खी मेला आयोजित किया जाता है जिसमें विश्व भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु खाटू आते है और निशन अर्पण व प्रभु दर्शन करते है। उसी तरह का कुछ नजारा बुधवार को बेंगलूरु के बन्नरघट्टा नेशनल पार्क के सामने बने खाटू श्याम मन्दिर पर देखने को मिला। एकादशी के मौके पर सुबह से मंदिर में श्याम भक्तों का आना शुरु हो गया। टोली की टोली हाथों में श्याम निशान लेकर बाबा का जयकारें लगाते हुए मंदिर पहुंचे और देर शाम तक बाबा के समक्ष निशान अर्पण किए। इस मौके पर मंदिर प्रांगण का माहौल पूरा खाटूमय दिखाई दे रहा था, एक तरफ महिला-पुरुष जहां तक युवा वर्ग अपने हाथों में निशान लेकर मंदिर में प्रवेश कर रहे थे तो दूसरी ओर निशान अर्पण कर कुछ श्रद्धालु बाबा को श्याम भजन सुनाकर रिझाने के कोशिश कर रहे थे। शाम 4.15 बजे से मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित ट्रस्टियों ने विधि विधान से बाबा की प्रतिमा के समक्ष ज्योत प्रज्वलित की। भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने भजन संध्या की शुरुआत की तथा बाद में मुंबई के भजन गायक राकेश बावलिया के मंदिर परिसर में बाबा के गुणगान करते हुए भजनों की बरसात कर दी। गायक ने मीठे मीठे भजनों से बाबा श्याम को रिझाते हुए फाल्गुन होली धमाल की प्रस्तुति की तथा बाबा श्याम के संग फूलों की होली खेलकर भक्तों ने आनन्द लिया । इस मौके पर बाबा की प्रतिमा का विशेष फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया जिसमें भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए।

इस मौके पर छप्पन भोग अर्पण किया गया। कार्यक्रम में मंदिर के संस्थापक सदस्य महेश गुप्ता, रेवन्तमल झँवर, सुशील राणासरिया, प्रभात किशनपुरिया, ऋषि गुप्ता, देवीलाल गोयल, श्याम गौशाला के प्रमुख सतीश गोयल के साथ बड़ी संख्या में सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।



# आचार्य महेन्द्रसागर की निश्रा में हो रहा है 'संयम परिवार' का विस्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिंधनूर। शहर के कुंथुनाथ जैन श्वेताम्बर जैन संघ में पहुंचे आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी का संघ के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके पर आचार्यश्री ने आगामी दीक्षा समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि उनकी निश्रा में बालमुनिश्री ॐपद्मासागरजी की दीक्षा गत माह हासन में सम्पन्न हुई थीं उनके दशवैकालिक सूत्र के जोग प्रारंभ हुए। आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी की निश्रा में मुमुक्षु विहार शाह एवं मुमुक्षु यश कोठारी ने अपने बालमित्र मुनिश्री के कल्याण मित्र बने और दोनों मुमुक्षुओं ने भी बालमुनि के योगदवहन में तप करके साथ दिया । मुमुक्षु द्वय ने भी 35 दिन तक आयंबिल नीवी के साथ हासन से सिंधनूर तक तकरीबन 515किलोमीटर का विहार कर दशवैकालिक सूत्र के जोग संपन्न कराए एवं मुमुक्षु द्वय ने केश लुंचन करवाया। मुनिश्री व दोनों मुमुक्षु की तपस्या जोर चल रही है।

# पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में जवाबदेही तय करने के लिए काम कर रहे हैं : बाइडन प्रशासन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका अपनी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए भारत सरकार के साथ काम कर रहा है। बाइडन प्रशासन ने यह जानकारी दी।

पिछले साल नवंबर में संघीय अभियोजकों ने पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर लगाया गया था। पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया था कि गुप्ता भारत सरकार के एक कर्मी के साथ काम कर रहा था और न्यूयार्क शहर में रहने वाले पन्नू की हत्या करने के लिए एक कातिल को एक लाख अमेरिकी डॉलर देने पर राज़ी हुआ था। आरोपों की तफ्तीश के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। कांग्रेस (संसद) की एक सुनवाई के दौरान दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने संसद की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों से बुधवार को कहा, यह अमेरिका और भारत के बीच एक गंभीर मुद्दा है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के इशारे पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, हमने प्रशासन में इसे गंभीरता से लिया है और इसे भारत के साथ उच्चतम स्तर पर उठाया है।

लू ने कहा, हम इस समय भारत के साथ काम कर रहे हैं ताकि भारत को इस भयावह अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। भारत ने स्वयं घोषणा की है कि उन्होंने इस मामले को देखने के लिए एक जांच समिति बनाई है। उन्होंने कहा, हमने उनसे जल्दी और पारदर्शी तरीके से काम करने के लिए कहा है ताकि इंसाफ सुनिश्चित हो सके।

लू इस सुनवाई में मिनेसोटा से कांग्रेस के सदस्य डीन फिलिप्स के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। फिलिप्स ने पूछा था कि रूस में एलेक्सी नवलनी की हत्या के बाद 500 से ज्यादा लोगों पर जिस तरह से प्रतिबंध लगाए गए थे, क्या वैसे ही प्रतिबंध पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल लोगों पर भी लगाने पर विचार किया जा रहा है।



# श्याम फाल्गुन महोत्सव में सजा बाबा श्याम का दरबार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्याम भक्त मंडल द्वारा जयनगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में फाल्गुन एकादशी पर श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया तथा अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। भजन संध्या में बीकानेर से आए गायक मयंक शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या में सालासर बालाजी, खाटू श्याम सहित अनेक देवी देवताओं के भजनों की प्रस्तुति दी गई। होली धमाल पर भक्तों ने फूलों की होली खेली व गुलाल लगाकर एकदूसरे को होली की बधाई दी। इस अवसर पर संतोष केडिया, मनोज पोद्दार,बिमल सरावगी, प्रदीप शर्मा , पंकज अग्रवाल, विकासचन्द्र बालोदिया, पंकज टिबरेवाल, राकेश जिंदल, संदीप पोद्दार, विकास चौधरी, रिंकेश बेरोलिया, सुशील सैनी सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित थे।





# मंजूनाथनगर सकल जैन संघ की नई कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सकल जैन संघ मंजूनाथनगर,शिवनगर की साधारण सभा जैन भवन में सम्पन्न हुई जिसमें गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया तथा नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। सर्वसहमति से हुए चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए संघवी उत्तमचन्द आच्छा, उपाध्यक्ष विनोद मेडतवाल, मंत्री राकेश दलाल, सहमंत्री चेतन झारमुथा, कोषाध्यक्ष रेखराज सांडबोहरा, प्रचार प्रसार मंत्री अंकित आच्छा चुने गये ।

कार्यकारिणी समिति में सुरेश बाघमार, राजेश कोठारी, दिनेश छाजेड,राजमल बोहरा का चयन हुआ । अध्यक्ष उत्तमचन्द आच्छा ने सबका आभार व्यक्त किया तथा अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाने की योजना के साथ साथ साधु साध्वियों की सेवा का भाव रखा। इस मौके पर धार्मिक पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों को प्रति रविवार पुरस्कृत करने के लिए स्वेच्छा से राशि लिखाई। प्रचार प्रसार मंत्री अंकित आच्छा ने जानकारी दी।

# असमिया नाटक 'रघुनाथ' का मेटा 2024 में जलवा

नई दिल्ली/भाषा। महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स (मेटा) के 19वें संस्करण में असमिया नाटक 'रघुनाथ' का जलवा रहा। इस नाटक को 13 श्रेणियों में से छह में जीत हासिल हुई, जिसमें बहु मुख्य भूमिका में बिद्युत कुमार नाथ को मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार शामिल हैं।

महिंद्रा समूह द्वारा स्थापित और टीमवर्क आर्ट्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 14 मार्च से एक सप्ताह के रंगमंच समारोह के साथ शुरू हुआ और बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। बिद्युत कुमार नाथ द्वारा निर्देशित और रंगमंच द्वारा निर्मित इस नाटक ने चार अन्य श्रेणियों में भी पुरस्कार जीते।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.